


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 200 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 23 अप्रैल 2025 डाक 24 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की



**देश-विदेश**
कश्मीर घूमने आए इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी की आतंकी हमले में हत्या, पत्नी-बच्चों के सामने मारी गोली



**फीचर पेज**
किचन की दीवारों पर तेल और मसाले के निशान अब आसानी से करें साफ



# पहलगाम आतंकी हमले के बाद उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर



**श्रीनगर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद से आज यानी बुधवार को उत्तरी कश्मीर के उरी में सेना के जवानों ने एक घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है। इस दौरान मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया गया है। बुधवार को उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के अंतर्गत आतंकी घुसपैठ का प्रयास कर रहे थे। हालांकि, सेना के जवानों ने आतंकियों के इस प्रयास को विफल कर दिया गया है। फिलहाल यहां आतंकियों और जवानों के बीच में मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई।

चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 23 अप्रैल 2025 को, लगभग 2-3 यूआई आतंकवादियों ने उरी नाला, बारामूला (उत्तरी कश्मीर में) में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ करने की कोशिश की। सेना ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर सतर्क सैनिकों ने घुसपैठियों को चुनौती दी और उन्हें रोका, जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी हुई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उरी में मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध जैसे अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

## आतंकियों से अकेला भिड़ा, राइफल छीनी... कश्मीरी ने ऐसे बचाई कई लोगों की जान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में जब आतंकियों ने सैलानियों से धर्म पूछकर उनका कत्ल शुरू किया तो सैयद हुसैन शाह सहन नहीं कर पाया। करता भी कैसे, वह तो कश्मीरियत और कश्मीर की मेहमाननवाजी की परंपरा की घुट्टी पीकर पला-बढ़ा था। वह देश-विदेश से पहलगाम आने वाले सैलानियों को अपने घोड़े पर सैर कराता और रोजी रोटी कमाता था। सैयद हुसैन शाह पहलगाम से पास स्थित अशमुकाम का रहने वाला है। वह सैलानियों को लेकर बैसरन गया हुआ था। सैयद हुसैन को जब कुछ और नहीं सूझा तो



वह एक आतंकी से भिड़ गया और उसने उसकी राइफल छीनने की कोशिश की। इसी क्रम में आतंकी की राइफल से निकली गोलियां उसका शरीर को भेद गई और वह वहीं जमीन पर जख्मी होकर गिर पड़ा।उसे अन्य घायलों के साथ जब अस्पताल पहुंचाया गया तो वह दम तोड़ चुका था। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद उसका पार्थिव शरीर उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। उसे देर रात गए सुपुर्दे खाक किया गया। सैयद हुसैन शाह के एक साथी बिलाल ने बताया कि अगर सैयद हुसैन चाहता तो अपनी जान बचा सकता था, लेकिन उसने भागने के बजाय आतंकियों का मुकाबला किया। उसकी बहादुरी और बलिदान के कारण कई लोगों की जान बची है। अगर वह आतंकियों का मुकाबला न करता तो शायद बैसरन में आज जितने भी लोग जमा थे, सभी मारे जाते।


## सिर्फ 20 फीट की दूरी, हमने पीछे मुड़कर तक नहीं देखा

### आतंकी हमले में बच निकले परिवार ने सुनाई खौफनाक दास्तां



**अनंतनाग।** पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद महाराष्ट्र के नागपुर से आए एक पर्यटक दंपत्ति ने बताया, यह घटना उस समय हुई जब हम घटनास्थल से निकले ही थे। हम काफी देर तक गोलीबारी की आवाज सुनते रहे। हर कोई वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। हम असली जगह से 20 फीट की दूरी पर थे। हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि हम बस वहां से भागना चाहते थे। इस बीच महाराष्ट्र से कश्मीर आए एक टूरिस्ट ने हमले की दास्तां बयां की है। अच्छी बात ये है कि जब ये हमले हुआ उससे कुछ मिनट पहले ही ये महाराष्ट्र का परिवार पहलगाम से निकला था। वहीं हमले में मारे गए लोगों में कानपुर शहर के शुभम द्विवेदी भी शामिल हैं। शुभम द्विवेदी के चचेरे भाई सौरभ ने बताया कि शुभम भैया की सादी 12 फरवरी को ही हुई थी। वे अपने पत्नी के साथ पहलगाम में थे। मेरी भाभी ने मेरे चाचा को फोन कर बताया था कि शुभम को सिर में गोली मार दी गई। ये भी बताया कि आतंकियों ने नाम पूछ-पूछकर लोगों को मारा। हमें बताया गया है कि दो-तीन दिन में शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला, अमित शाह ने जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अब तक 27 लोगों की मौत हुई है जबकि घायलों की संख्या 20 बताई जा रही है। आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। इस बीच खबर है कि इस हमले को पाकिस्तानी और स्थानीय कश्मीरी आतंकियों ने मिलकर अंजाम दिया।

सूत्रों के मुताबिक, आतंकियों ने स्थानीय कश्मीरी आतंकियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के साथ मिलकर हमले से पहले इलाके की रेकी की थी। हमलावर ने हमले के लिए बैसारन को इसलिए चुना क्योंकि इस इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती नहीं थी। आतंकियों ने हमले के वक्त बॉडीकैम पहने हुए थे। आतंकियों ने छिपने के लिए घने जंगल में ठिकाने बना लिए थे। स्थानीय आतंकियों की मदद से आतंकियों ने शायद अब अपनी लोकेशन बदल ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमित शाह ने आतंकी वारदात को लेकर कहा कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे।

## सरकार का एयरलाइंस को निर्देश, कहा- किराया नहीं बढ़ाएं, टिकट कैंसिलेशन चार्ज भी माफ

**नई दिल्ली 23 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार सुरक्षा और पीड़ित पर्यटकों की मदद के लिए अलर्ट मोड पर है। इस बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइंस को श्रीनगर हवाई मार्ग पर किराया न बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। वहीं इंडिगो और एयर इंडिया ने श्रीनगर से मुंबई और दिल्ली के लिए चार अतिरिक्त उड़ाने संचालित करने का एलान किया है। इसके साथ ही एयरलाइंस ने टिकट रिशेड्यूलिंग और टिकट कैंसिलेशन चार्ज भी माफ कर दिया है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ आपात बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी एयरलाइंस को श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में इजाफा न करने के सख्त निर्देश दिए।

## भारत के सर्जिकल स्ट्राइक के खौफ से उड़ी पाकिस्तान की नींद, वायुसेना को अलर्ट किया



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में लोगों में आतंकवाद को लेकर गुस्सा है। गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर पहुंच चुके हैं। इस बीच पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी एक प्रतिक्रिया आई है। भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त के रूप में काम करने अब्दुल बासित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मुझे यकीन है कि इस्लामाबाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी भारतीय गलतफहमी को विफल करने के लिए सभी संभावित उपाय कर रहा है। मुझे कोई संदेह नहीं है कि इस बार पाकिस्तान की प्रतिक्रिया बहुत कठिन होगी। देश के अलग-अलग हिस्सों से कश्मीर घुमने पहुंचे सैलानियों को निशाना बनाकर आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया। इस हमले के बाद लोग सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को डर सताने लगा है और भारत की कार्रवाई के खौफ में पाकिस्तानी वायुसेना रात भर अलर्ट मोड पर रही। फ्लाइट रडार डेटा में दर्ज पाकिस्तानी वायुसेना की असामान्य गतिविधियों से इसका पता चलता है। सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 स्क्रीनशॉट सामने आए हैं। स्क्रीनशॉट में पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख विमानों को कराची स्थित दक्षिणी वायु कमांड से लाहौर और रावलपिंडी के पास उत्तर में स्थित ठिकानों की ओर जाते देखा गया।

## आतंकियों पर एक्शन की तैयारी दिल्ली में रक्षा मंत्री की हाई लेवल मीटिंग

### अजित डोभाल और सीडीएस अनिल चौहान भी मौजूद



**श्रीनगर।** अमित शाह ने आतंकी वारदात को लेकर कहा कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। गृह मंत्री अमित शाह थोड़ी देर में श्रीनगर पहुंचे हैं। गृह मंत्री सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद आगे की कार्रवाई पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल मौजूद हैं।

## भारत में हुए आतंकी हमले से., पहलगाम अटैक पर आया पाकिस्तान का पहला रिएक्शन



**नईदिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अब तक 27 लोगों के मौत की खबर है। पूरे देश में दहशत का माहौल है। ऐसे में सवाल ये उठ रहा है ये हमला आखिर करवाया किसने है। अब पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का रिएक्शन सामने आया है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारा इससे (हमले) से कोई लेना-देना नहीं है। हम हर तरह के आतंकवाद को खारिज करते हैं। ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तानी टीवी न्यूज चैनल को बयान देते हुए उल्टा भारत पर ही आरोप लगा दिया, उन्होंने कहा- इस हमले के पीछे भारत के लोग ही शामिल है। उन्होंने आगे कहा-भारत में नागालैंड से लेकर मणिपुर और कश्मीर में लोग सरकार के खिलाफ हैं। ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा-भारत सरकार लोगों के हक को मार रही है। उनका शोषण कर रही है। इसलिए लोग उनके खिलाफ खड़े हो रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने हमले के सिलसिले में विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा है, पहलगाम में हुई इस तरह की घटना से हमारा कोई लेना देना नहीं है। मैं ऐसे हमलों की निंदा करता हूं। खासकर नागरिकों पर ऐसे हमले नहीं होने चाहिए। रक्षा मंत्री ख्वाजा ने आगे कहा- भारत की मौजूदा सरकार वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों को परेशान कर रही है। इसमें बौद्ध, ईसाई और मुसलमान शामिल है। लोगों का कत्लेआम किया जा रहा है। इसके खिलाफ लोग आवाज उठा रहे हैं। वहीं इस आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर का एक बयान चर्चा में आ गया है, उन्होंने लगभग हफ्ते भर पहले कश्मीर को अपने देश की जीवन रेखा बताया था।आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए 16 अप्रैल को कहा था, यह हमारी नस थी है और रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को भारत के कब्जे के खिलाफ उनकी इस लड़ाई में अकेला नहीं छोड़ेंगे।

## आतिशी की सुरक्षा जेड से घटाकर वाई करने का निर्देश



**नईदिल्ली 23 अप्रैल।** पुलिस सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी को दी गई सुरक्षा को जेड से घटाकर वाई श्रेणी में करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह फैसला केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आतिशी को खतरे की समीक्षा के बाद आया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि कोई नया या महत्वपूर्ण खतरा नहीं है, जिसके लिए जेड श्रेणी की सुरक्षा जारी रखी जाए। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि यह निर्देश हाल ही में जारी किया गया, जब दिल्ली पुलिस की सुरक्षा इकाई ने आतिशी के सुरक्षा कवर की स्थिति पर गृह मंत्रालय (एमएचए) से मार्गदर्शन मांगा था। इससे पहले इसने आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा स्थिति को चिह्नित किया था, जो वर्तमान में जेड-प्लस श्रेणी के तहत है, यह पूछते हुए कि क्या इसे जारी रखा जाना चाहिए।

## सीजेआई पर भाजपा सांसद की टिप्पणी के खिलाफ युवा कांग्रेस का विरोध

**नईदिल्ली, 23 अप्रैल [एजेंसी]।**

भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना पर विवादास्पद टिप्पणी के खिलाफ यहां विरोध प्रदर्शन किया। गोड्डा से लोकसभा सांसद दुबे ने कानून बनाने में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाया था और सुझाव दिया था कि अगर अदालतों को कानून बनाना है, तो संसद या राज्य विधानसभाओं की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने देश में गृह युद्धों के लिए सीजेआई को भी विवादास्पद रूप से जिम्मेदार ठहराया। यह टिप्पणी तब की गई जब केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह अदालत के हस्तक्षेप के बाद वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ प्रावधानों को लागू नहीं करेगा। दुबे की टिप्पणी को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए, आईवाईसी अध्यक्ष उदय भानु चिब ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता देश के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए महत्वपूर्ण है।




दिल्ली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि यह टिप्पणी भाजपा द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के बड़े प्रयास का हिस्सा है और उन्होंने दुबे को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सांसद का पुतला जलाया। पुलिस ने युवा कांग्रेस कार्यालय के पास बैरिकेड लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

## ब्यूटी पार्लर वाली महिला गिरफ्तार बैंक खाते में 5 करोड़ की अवैध लेनदेन



**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस को म्युल एकाउंट खाताधारक को पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी महिला के खाते में साइबर फ्रॉड की 5 करोड़ रुपए आए थे, जिसे उसने किसी कॉर्पोरेट अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। मामले की जानकारी होने पर बैंक प्रबंधन की ओर शिकायत दर्ज कराई गई थी। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया ने पुलिस को बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि उनकी वैशाली नगर ब्रांच में लगभग 111 खाते हैं, जिसमें साइबर व अन्य फ्रॉड की रकम आई है। इसके चलते खातों में 22 लाख 5 हजार 173.53 रुपए होल्ड किया गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। म्युल खाताधारकों की पतासाजी के दौरान खाताधारक उमा शर्मा की जानकारी मिलने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# समाधान शिविर से पूर्व सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें-कलेक्टर

## दो से अधिक समूह, लैम्प्स और ग्राम पंचायतों को आबंटित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन निरस्त करने के निर्देश

**कोरबा ।** आज समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की स्थिति और इसके निराकरण की कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने डिवीजन स्तर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देशित किया कि 5 मई से प्रारंभ हो रहे समाधान शिविर के पूर्व सभी आवेदन का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों को अलग-अलग कर परीक्षण करने और जो कार्य संभव है, उसकी स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। जिन कार्यों के लिए अनुमोदन की आवश्यकता है, उन कार्यों की स्वीकृति से पूर्व संबंधित को अनुमोदन हेतु प्रेषित करने के भी उन्होंने निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में ग्राम पंचायत अनुसार आवेदनों के निराकरण की स्थिति को बताना होगा। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, नामान्तरण, त्रुटि सुधार, फौती दर्ज कराने, ऋण पुस्तिका वितरण, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, खाद्य विभाग अंतर्गत राशनकार्ड बनाने, पेंशन, शौचालय की मांग, नगर निगम अंतर्गत सफाई से जुड़े कार्यों, पेंशन एवं मजदूरी भुगतान जैसी प्रकरणों का गंभीरता से त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने पोर्टल में दर्ज आवेदन को अच्छे से परीक्षण कर संबंधित विभाग को ही स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदन



और निराकरण हेतु की जा रही तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित आवेदनों का भी गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गर्मी को देखते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पहुंचविहीन क्षेत्रों में प्राथमिकता से पेयजल की व्यवस्था तथा हैण्डपंप नहीं होने पर नये हैण्डपंप स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके लिए कलेक्टर ने पोड़ी उपरोड़ा, पाली तथा कोरबा के जनपद सीईओ को चार दिनों के भीतर ऐसे ग्रामों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जहां पर पेयजल हेतु हैंडपम्प स्थापित किया जाना है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीएल अंतर्गत प्रेषित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र की स्थिति की समीक्षा करते हुए एसडीएम को निर्देशित किया कि वे बचे हुए विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने की दिशा में काम करें। उन्होंने सीएसपीडीएल अंतर्गत बचे हुए अविद्युतीकृत ग्रामों में विद्युतीकरण तथा आंगनबाड़ी भवनों में आंतरिक विद्युतीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में निर्मित बाल सम्प्रेषण गृह को ठीक कराकर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो से अधिक समूह, लैम्पस और ग्राम पंचायतों को आबंटित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का आबंटन निरस्त कर विज्ञापन जारी करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। कलेक्टर ने पुमख सड़को पर पुल-पुलियों में क्षतिग्रस्त रेलिंग के मरम्मत के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, श्री मनोज कुमार, एसडीएम सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।स्कूल भवन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें

कलेक्टर श्री वसंत ने जनपद सीईओ के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के एक वर्ष से अधिक समय से लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा-डीएमसी तथा अलग-अलग जनपदों के अंतर्गत स्वीकृत स्कूल भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी भवनों का काम प्रारंभ करें, इसके साथ ही डोर लेबल तक कंप्लीट हो चुके कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी कार्य में वसूली के प्रकरण लंबित न रहें। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हुई आसान

### हर माह खाते में पैसे आ जाने से घरेलू खर्चों को पूरा करने में मिलती है मदद



**कोरबा ।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होता है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। कोरबा विकासखण्ड के बोड़ानाला की रहने वाली श्रीमती शनिरो मंझवार ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही ने कहा कि पिछले साल योजना शुरू होने के साथ ही उन्हें हर माह समय पर राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने दैनिक आवश्यताओं एवं परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करती है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही उन्हें वित्तीय सुरक्षा भी मिला है। जिससे वे अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन आसानी से कर पा रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि के प्रयोग के रोकथाम व पुनर्वास हेतु अभियान का किया जा रहा संचालन

**कोरबा।** भारत सरकार, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन पर जिले में बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधियों के प्रयोग तथा बच्चों के अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध'' विषय पर जॉइंट एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त संबंध में राज्य में किशोर न्याय (बालकां के देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षा एवं देखभाल की आवश्यकता वाले बालकों के सर्वोत्तम हित में देखरेख, संरक्षण, विकास, उपचार, समाज में पुनः मिलाने के उद्देश्य से जिलों में ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध'' विषय पर पुलिस, नियंत्रक खाद्य एवं औषधीय प्रशासन, आबकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग व अन्य सर्व संबंधितों विभागों के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि के प्रयोग के रोकथाम हेतु 30 अप्रैल 2025 तक संयुक्त रूप से अभियान संचालित किये जाने हेतु जिला स्तर पर दल का गठन किया गया है। उपरोक्त गठित दल निर्धारित तक संयुक्त रूप से अभियान संचालित किया जा रहा है। तदुपरांत जिले में बच्चों के सर्वोत्तम हित में आवश्यकतानुसार समय-समय पर अभियान का संचालन करेंगें। अभियान के दौरान देखरेख एवं संरक्षण/विपरीत परिस्थिती अंतर्गत बच्चों के प्राप्त होने पर बालकों को, बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तथा दल के संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करेगी। जिले में बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किये जाने हेतु तथा बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि के प्रयोग के रोकथाम व पुनर्वास को सुनिश्चित किया जा सकता है। इस हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान व दुकानदार संचालकों, गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, सेवा प्रदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व अन्य सभी से बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु तथा बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि के प्रयोग के रोकथाम व पुनर्वास हेतु सभी अपना सहयोग प्रदान करने का अपील किया गया है। जिससे जिले में बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किये जाने हेतु तथा बच्चों द्वारा ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधि के प्रयोग के रोकथाम व पुनर्वास को सुनिश्चित किया जा सके।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

### अभ्यर्थी 02 मई 2025 तक कर सकते है आवेदन प्रस्तुत

**कोरबा ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र अघरियापारा एवं खोड्डुल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 कुल दो पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र उरगा, सोनगुढ़ा, गहनिया व दूधीटांगर में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 कुल 4 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन मंगाया गया था। जिसका मूल्यांकन समिति द्वारा प्रावधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। उपरोक्त प्रावधिक मूल्यांकन पत्र कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के सूचना पटल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी मूल्यांकन पत्रक में दावा आपत्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी से 02 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण जिला-कोरबा में संपूर्ण साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। साथ ही आवेदन जमा अवधि करने के अंतिम तिथि के पश्चात् दावा आपत्ति समयावधि में प्रस्तुत दस्तावेजो को नवीन दस्तावेज मानते हुए अंको के लिये अमान्य किया जाएगा।

## कुर्की आदेश जारी

**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम नवागांव के ओम साई राईस मिल के प्रोपराईटर गोल्डी जायसवाल पिता हरप्रसाद जायसवाल द्वारा शासन के पक्ष में 60 लाख 67 हजार 367 रुपये देय राशि का भुगतान नहीं करने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 ( ख ) एवं 147 ( ग ) के तहत ग्राम नवागांव निवासी श्रीमती विमला देवी जायसवाल पति श्री हरप्रसाद जायसवाल, के नाम पर ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 10, तहसील-कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 36/ 1 /क/1, 36/1/क / 2 एवं 622/1 रकबा क्रमशः 0.009, 0.089 एवं 0.364 हेक्टेयर का न्यायालय तहसीलदार कटघोरा द्वारा कुर्की आदेश जारी किया

## विभिन्न तिथियों में निगम के जोन कार्यालयों में आयोजित होंगे समाधान शिविर

### शासन के दिशा-निर्देशों के तहत आयुक्त आशुतोष पांडेय ने जारी किये आदेश

### शिविरों के संचालन हेतु किया प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर सौंपे दायित्व

**कोरबा ।** सुशासन तिहार-2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 07 जोन में विभिन्न तिथियों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने समाधान शिविरों के जोनवार आयोजन हेतु तिथियों का निर्धारण कर एवं प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हे शिविरों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 संचालित किए जाने के आदेश प्रसारित किए गए थे, जिसके परिपालन में कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक निगम के सभी सातों जोन में शिविर आयोजित कर आमनागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त किए गए थे, तत्पश्चात दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है, वहीं तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त श्री पांडेय ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत जोनवार समाधान शिविरों के आयोजन हेतु तिथियों का निर्धारण कर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए उन्हें आवश्यक दायित्व सौपे हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 07 मई को कोरबा जोन में, 09 मई को टी.पी. नगर जोन में, 14 मई को कोसाबाड़ी जोन में, 19 मई को पं. रविशंकर शुक्लनगर जोन में, 21 मई को बालको जोन में, 23 मई को दर्री जोन में एवं 27 मई को सर्वमंगला जोन में समाधान शिविर आयोजित होंगे, इन तिथियों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने जा रहे इन समाधान शिविरों में जिले के विभिन्न विभागों के काउंटर स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के साथ-साथ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आबकारी विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, पशुधन विकास विभाग, श्रम विभाग, उद्यान विभाग, जिला अत्यांवसायी, मछलीपालन विभाग, कृषि विभाग, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण मर्यादित कम्पनी, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, कौशल विकास विभाग आदि विभागों के काउंटर स्थापित होंगे।

## जेसीआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत बचाव के गुण सीखे विद्यार्थियों ने

**कोरबा ।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल और जेसी रेट विंग ने विद्यार्थियों को आपातकाल में कैसे स्वयं और परिवार को बचाना है इसकी जानकारी अग्निशमन दस्ते के जरिए प्रदान की। विद्यार्थियों को प्रदर्शन के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को जेसीआई कोरबा सेंट्रल और जेसी रेट विंग द्वारा ऐसा उपहार दिया गया जिस पर ध्यान देने से न केवल उनकी जिंदगी सुरक्षित रहेगी बल्कि उनके जरिए लोगों में अपनी और समाज की सुरक्षा करने का भाव भी जागृत करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पत्रकार कमलेश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के साथ अपने विचार बांटे। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी सजगता से हम स्वयं को जन, धन हानि से बचा सकते हैं। न्यू एरा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य और जेसीआई के पदाधिकारियो ने भी विद्यार्थियों से वार्ता की, जेसीआई ने अग्निशमन दस्ते को स्कूल परिसर में आमंत्रित कर उनके अनुभव से विद्यार्थियों को अवगत कराया। यही नहीं दस्ते ने परिसर में ही प्रदर्शन किया की आग लगने पर हमें क्या करना चाहिए और आग पर काबू पाने के लिए वे क्या करते हैं। इस कार्यक्रम में जेसी रेट आयुषी अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, जेसी अभिषेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, और जेसीआई कोरबा सेंट्रल के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सब ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

## बालको थाना परिसर में खड़ी कार में लगी अचानक आग-अन्य वाहन भी आए चपेट में

कोरबा। जिले के बालको थाना परिसर में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। आग की खबर फैलते ही मौके पर उपस्थित लोगो में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी और मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। कार में आग कैसे लगी इस बात की पुष्टि नही हो पाई है, आग कैसे लगी इस बाबत जांच की जा रही हैं। कार के साथ खड़े अन्य वाहन भी जलती कार की जद में आ गए। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, नहीं तो बड़ी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

## आखिरी सप्ताह तक 5वीं और 8वीं के परिणाम होंगे घोषित

**कोरबा।** कक्षा 5वीं और 8वीं तक की केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी कर ली गई है। इसके बाद अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जो छात्र असफल होंगे, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों के दौरान विशेष कक्षाएं लगाई जाएंगी। यानी इस बार शिक्षकों की गर्मी की छुट्टियां निरस्त हो सकती हैं। फेल छात्रों के लिए शिक्षक मई माह में एक्स्ट्रा क्लास लेंगे। सूत्रों के अनुसार, जल्द ही डीपीआई (निदेशालय लोक शिक्षण) जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी कर सकता है। बता दें कि आमतौर पर 1 मई से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां लग जाती हैं, लेकिन इस बार छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया जा रहा है। शिक्षकों में इसे लेकर हलचल है।

## कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाने की मांगी जानकारी

कोरबा । कोरबा-कटघोरा मार्ग अंतर्गत ग्राम छुरीकला नगर पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाने के मामले में सीएमओ से पार्षद सुलोचना केंवट व बालगोविंद देवांगन ने जानकारी मांगी है।

पार्षदों ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार बेरोजगार युवाओं को विभिन्न योजनाओं से कौशल निखारने के बाद प्लेसमेंट कैंप से रोजगार मुहैया कराने की घोषणा की जाती रही है। दूसरी ओर कुछ महीने पहले नगर पंचायत छुरीकला के तत्कालीन सीएमओ ने उच्चाधिकारी से अनुमति लेने के बाद दो कंप्यूटर ऑपरेटरों को काम में रखा था। इसमें एक कंप्यूटर ऑपरेटर को बिना कारण बताए हटा दिया गया। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद सुभाष जोशी ने नगर पंचायत मे काम करने वाले कर्मियों को कार्य से नहीं हटाने और इनके ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही।

## करोड़पति बनाने का झांसा देकर ठगे 14.9 लाख-गिरफ्तार

**कोरबा ।** कोरबा जिले में जमीन से हंडा (गड़ा धन) निकाल तंत्र-मंत्र से उसके अंदर से सोना निकालकर करोड़पति बनाने का झांसा देकर नकटीखार के कथित तांत्रिक पर सूरजपुर में एक व्यक्ति से 14.9 लाख की ठगी करने का आरोप लगा हैं।

सूरजपुर से आकर पुलिस टीम ने कथित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना पड़ोसी जिला सूरजपुर में वर्ष 2022 में हुई थी, जहां के ग्राम खोंड़, थाना रमकोला निवासी ने जून 2022 में रिपोर्ट लिखाई। उसने बताया कि बैंक में काम के दौरान उससे मुलाकात हुई। उसने कोरबा जिले के नकटीखार निवासी तांत्रिक के जरिए जमीन से गड़ा धन निकालने का दावा किया। वह उसके झांसे में आकर तंत्र-मंत्र कराने को तैयार हो गया। वह तांत्रिक व एक अन्य साथी को लेकर सूरजपुर पहुंचा, जहां प्रार्थी के घर में तंत्र-मंत्र कर जमीन से हंडा निकालकर कमरे में बंद कर दिया गया। विशेष पूजा के जरिए तंत्र-मंत्र से हंडा सोना में तब्दील होने की बात कही गई।

## स्व. डॉ. बंशीलाल महतो स्मृति कप के अंतर्गत स्ट्राइकिंग ईगल्स और डी.वी. प्रोजेक्ट्स ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**कोरबा ।** स्व. डॉ. बंशीलाल महतो की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। स्ट्राइकिंग ईगल्स और डी.वी. प्रोजेक्ट्स की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके अंतर्गत खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्ट्राइकिंग ईगल्स बनाम कृष्णु वॉरियर्स अंतर्गत स्ट्राइकिंग ईगल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। कृष्णु वॉरियर्स की टीम निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 86 रन ही बना सकी। जवाब में स्ट्राइकिंग ईगल्स ने 8 ओवर में 5 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और यह मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे सोनू यादव बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले के अंतर्गत डी.वी. प्रोजेक्ट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।आरसीसी 11 की टीम 10 ओवर में 7 विकेट पर केवल 55 रन ही बना सकी। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए डी.वी. प्रोजेक्ट्स ने महज 3.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 7 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। धीरज शर्मा इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे, जिन्होंने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इन दोनों मुकाबलों में भारतीय जनता पार्टी महामंत्री संतोष देवांगन, मनोज मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति की सराहना की।

## विद्यालयीन छात्रों को सरकार ने बड़ी राहत देते हुए 25 अप्रैल से गर्मी की छुट्टी करी घोषित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए विद्यालयो के ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। पूर्व आदेश क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन, 20 सितंबर 2024 के अनुसार यह अवकाश 01 मई से 15 जून 2025 तक निर्धारित था। अब संशोधित आदेश के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून 2025 तक रहेगा। यह संशोधन शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त तथा अशासकीय सभी शालाओं पर लागू होगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा और पूर्व आदेश की अन्य सभी शर्तें यथावत बनी रहेंगी। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है ताकि उन्हें गर्मी से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विद्यालयीन छात्रों को बड़ी राहत दी है। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रदेश के सभी विद्यालयो में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्कूलों को आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## जिले में 27 अप्रैल को होगा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह आयोजित

### भाजपा जिला इकाई करेगी गरिमामयी आयोजन

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन 27 अप्रैल रविवार को दोपहर 2:00 बजे से गीतांजलि भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में किया जाएगा। यह समारोह संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय की स्थापना एवं शिक्षा के प्रति उनका योगदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ शासन उद्योग, वाणिज्य और मंत्री लखन लाल देवांगन विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा डॉ. पवन सिंह, नगर पालिक निगम कोरबा श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला संयोजक पवन गर्ग आदि शामिल होंगे। इस गरिमामयी समारोह में जिले भर से भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, बुद्धिजीवी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं आम नागरिक के बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की संभावना जताई जा रही हैं। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, समानता एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया जाएगा। भाजपा जिला इकाई ने कोरबावासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अपनी सहभागिता दर्ज कराकर समारोह को सफल बनाएं एवं बाबा साहब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## पटवारी संघ के मिथलेश वर्मा बने जिलाध्यक्ष

**कोरबा।** पंचवटी विश्राम गृह में पटवारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। मिथलेश वर्मा को जिलाध्यक्ष, गोविंद सिंह कंवर को सचिव और विवेक सिंह कंवर को कोषाध्यक्ष चुना गया। पटवारी संघ की ओर से बताया गया है कि प्रदेश के सभी जिलों में संघ के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कोरबा के पंचवटी विश्रामगृह में संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सभी पदाधिकारियों के अलावा सदस्य भी उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ के दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

## 44 डिग्री धूप में बच्चे स्कूल जाने को मजबूर



**जांजगीर चांपा ।** गर्मी से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। सबसे अधिक परेशान स्कूली छात्र-छात्राएं हो रही हैं, जिन्हें तेज धूप और लू के बीच स्कूल से घर लौटना पड़ रहा है। गर्मी को देखते हुए स्कूल का समय सुबह कर दिया गया है, लेकिन सुबह से ही धूप तेज होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए अवकाश की घोषणा तो कर दी है मगर सीबीएससी स्कूल संचालक अपनी मर्जी से स्कूल लगा रहे हैं और उन पर शासन प्रशासन भी मेहरबान है।

गर्मी के देखते हुए सीबीएससी स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 तक स्कूल लगा रहे हैं। छुट्टी के समय सुबह का तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक रहता है, जिससे छात्र छात्राओं को सिरदर्द, चक्कर और कमजोरी जैसी समस्याएं हो रही हैं। कई अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चों की तबीयत इन दिनों बिगड़ रही है, लेकिन विकल्प न होने से वे मजबूरी में बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं। लगातार दो तीन दिनों से तापमान 44 डिग्री पर है। सोमवार को तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया था वहीं मंगलवार को तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग का अनुमान है. कि तापमान में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है, ऐसे समय में स्कूल बंद किए जाने की भी मांग उठने उठने लगी है। है।

तापमान बढ़ने का बुरा असर स्कूली छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। तेज गर्मी और गर्म हवा से उनकी त्वचा झुलसने लगी है। इसके अलावा तेज गर्मी के कारण फूड पाइजनिंग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जिला अस्पताल और प्राइवेट बच्चों के क्लीनिक में मरीज बढ़ते जा रहे हैं। ज्यादातर बच्चे पेट दर्द की शिकायत लेकर आ रहे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों के पास कुल ओपीडी में आधे से ज्यादा बच्चों को पेट दर्द की शिकायत है। उल्टी, दस्त और पेट खराब होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसकी मुख्य वजह शरीर में पानी की कमी को बताया जा रहा है। तापमान 40 डिग्री के पार करते ही लू चलने की आशंका ज्यादा रहती है। जिले में अभी सभी सीबीएसई निजी स्कूलों में बच्चों की कक्षाएं यल रही हैं। गर्मी से राहत देने के लिए स्कूल का समय बदलकर कहीं सुबह सात तो कहीं 7.30 बजे किया गया है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हो रहा है। अभी रात में 12 बजे तापमान 34 डिग्री से नीचे जा रहा है तो वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती समस्या को लेकर प्राइवेट स्कूल संचालक भी शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द गर्मी की छु?ट्टी शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

# सिंगल काउंटर में टिकट कटाने यात्रियों को हो रही परेशानी

### रेलवे विभाग की उदासीनता से यात्री बिना टिकट यात्रा करने को हो रहे मजबूर

( सीताराम नायक )

**जांजगीर चांपा ।** जिला मुख्यालय जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जहां सिंगल टिकट काउंटर होने से यात्रियों को ट्रेनों का टिकट कटाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए रेलवे प्रबंधन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है । ज्ञात हो कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन जिला जांजगीर चंपा का प्रमुख रेलवे स्टेशन है जहां जिला मुख्यालय के लिए लोग आवागमन करते हैं इस रेलवे स्टेशन में सिंगल रेलवे टिकट का काउंटर होने के कारण जब कभी यात्री ट्रेनों का आवागमन होता है उस समय यात्रियों को टिकट कटवाने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है । क्योंकि सिंगल टिकट काउंटर होने के कारण यात्रियों को ठीक समय पर रेलवे का टिकट नहीं मिल पाता। जिसके कारण अनेकों यात्रियों को ट्रेनों की यात्रा के लिए बिना टिकट के यात्रा करनी पड़ती है । इससे जहां रेलवे विभाग से टिकट नहीं कटने के कारण आर्थिक नुकसान हो रहा है तो वही बिना यात्रा करते पकड़े जाने से जेल जाने का भय रहता है या पेनल्टी देना पड़ता है।



इस रेलवे स्टेशन में दो रेलवे टिकट काउंटर खोल दिया जाए तो इससे यात्रियों को सुविधा होगी और रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होना निश्चित है। किंतु इसके लिए जानबूझकर रेलवे विभाग के अधिकारी जनहित के कार्य को लेकर उदासीन हैं। कई बार तो यात्रियों को समय पर टिकट नहीं मिल पाने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द भी करनी पड़ती है।

सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि कई बार यात्रियों को टिकट समय पर नहीं मिल पाने के कारण जहां यात्रियों में लाइन लगने के पर विवाद उत्पन्न हो जाता है तो वही टिकट काटने वाले व्यक्ति से भी लोग अनावश्यक उलझ जाते हैं क्योंकि टिकट प्रदान करने वाला एक व्यक्ति है और टिकट चाहने वाले लोगों की संख्या अधिक होती है ऐसे में कई बार यात्री टिकट काटने वाले व्यक्ति को गाली गलौज भी कर देते हैं, इससे अनावश्यक माहौल खराब हो जाता है जबकि यह रेलवे की सुविधा के लिए ही नहीं बल्कि राजस्व आमदनी की दृष्टि से भी दो रेलवे काउंटर खोला जाना उचित है। इससे रेलवे का आमदनी बढ़ना निश्चित है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी है कि जनहित के इस मुद्दे की ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है । इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी पहल करने की जरूरत है ताकि सुविधाओं में इजाफा हो सके।

इस टिकट काउंटर के सामने ई टिकट के लिए एटीएम मशीन स्वरूप मशीन लगाया गया है ताकि इसका उपयोग यात्री टिकट कटाने के लिए कर सके लेकिन जिस विधि से इसका मशीन से टिकट निकलता है उसके लिए यहां एक रेलवे विभाग का कर्मचारी उपलब्ध होना जरूरी है क्योंकि इस मशीन के जरिए टिकट प्राप्त करना हर किसी को नहीं आता जिसके कारण यह मशीन अधिक उपयोगी साबित नही हो रहा है। नतीजा यह है कि टिकट कटने के लिए यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ती है।

## ज्ञानोदय में आर्ट एवं क्राफ्ट पर कार्यशाला आयोजित



**जांजगीर नैला।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पन्द्रह दिवसीय समर कैंप का आयोजन समिति के समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव तथा संयोजक श्री मूलचंद साव एवं उप संयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रभारी प्रशिक्षिका श्रीमती विजेयता चौहान के मार्गदर्शन में आर्ट एवं क्राफ्ट पर नियमित रूप से कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छात्र - छात्राएं रुचि पूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के अंतर्गत बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट की जानकारी दी गई तथा महत्व को बताया गया कि यह बच्चों के मस्तिष्क के विकास को प्रोत्साहित करती है ।इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है ।

समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों को कागज से विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाना सिखाया गया।जैसे सर्कल, ट्रायंगल, ओवल, स्क्वायर आदि। तीसरे दिन बच्चों को फोटो फ्रेम बनाना सिखाया गया ।पुराने अनुपयोगी कागज- पुट्ठे से बच्चों ने बहुत ही उत्साह से फोटो फ्रेम बनाए। चौथे दिन बच्चों को गणित के अंकों से एक से दस तक चित्र बनाना सिखाया गया । जिससे बच्चों ने बहुत ही अच्छे रंग-बिरंगे चित्र बनाकर आकर्षक बना दिया।

पांचवें दिन बच्चों को कलर पेपर व कागज से फूल बनाना सिखाया गया साथ ही फूलों के बारे में जानकारी भी दी गई ।

छठे दिन बच्चों को अंग्रेजी के शब्दों से अल्फाबेट चित्र बनाना सिखाया गया । जिसमे बच्चों ने बहुत ही उत्साह से अलग-अलग रंगों से चित्र बनाये।

इसी तरह बच्चे समर कैंप का बहुत ही ज्यादा आनंद उठा रहे हैं ।बहुत सी नई जानकारी सीख रहे हैं। छात्र-छात्राएं शेख इरशाद, निशिका यादव,लावन्या चौहान, अवनी यादव, मोक्षिता चौहान, पूर्वी यादव, जीविका चौहान, वंशिका निर्मलकर, सोम यादव, शिखा यादव, अभिनव राठौर आदि रुचि पूर्वक कला एवं शिल्प का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

समर कैंप के आयोजन में शिक्षक- शिक्षिकाएं मूलचंद साव, श्रीमती चंचला मिश्रा, दामिनी कश्यप, विजेयता चौहान, पुष्पेन्द्र राजनाथ, विनोद बरेठ, मीना यादव, पूजा कटकवार, प्रतिभा यादव, शकुंतला बरेठ, सुमन यादव, सपना श्रीवास, राहुल कौशिक, लखेश्वर खरे, किरन यादव प्रिया कोसरे का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओः जागरूकता सत्र का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारतीय तीन नए कानूनों की जानकारी पर आई.टी.आई. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुलीपोटा जांजगीर-चाम्पा में जागरूकता सत्र एवं पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल बताया कि जिसके अंतर्गत सखी वन सटॉप सेंटर की कार्य प्रणाली एवं पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं, सहायताओं, महिला हेल्पलाईन 181, 112 की जानकारी दी गई। इसी प्रकार घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों, बाल विवाह की कुरिति और उसके दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति योजनांतर्गत उपयोजना संबल एवं सामर्थ्य की जानकारी देते हुए एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सेवा एवं सहायता की जानकारी दी गयी ।

## खंडहर में तब्दील हुआ चांपा का पौनी पसारी, बदमाशों का बना अड्डा

**चांपा।** शहर के विकास के नाम पर नगरपालिका ने लाखों रुपए झोंक कर पौनी पसारी हाट बाजार का निर्माण तो करा दिया लेकिन उपयोग की योजना विफल कर खुद ही उसे खंडहर बना दिया। करीब चार साल पहले तैयार हुए इस मार्केट में आज तक एक भी दुकान शुरू नहीं हो सकी। आलम यह है कि अब ये स्थान सिर्फ शराबियों का अड्डा बन गया है और जनता के पैसे की बर्बादी का जीता जागता उदाहरण बना खड़ा है।

नगरपालिका मार्ग में बने इस पौनी पसारी को सुव्यवस्थित व्यापारिक केंद्र बनाने का सपना दिखाया गया था। पर हकीकत यह है कि निर्माण के बाद न तो यहां कोई व्यवसायी बैठा न कोई योजना बनाई गई और न कोई जिम्मेदार इसे संवारने की सुध रहा है। अब यह भवन जर्जर होता ही ले जा रहा है और अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुका है। सड़क पर लगने वालेअस्थायी बाजारों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। लेकिन नगर प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। न कोई वैकल्पिक व्यवस्था न कोई योजना बस जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही मिट्टी में मिलती नजर आ रही है।

**पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शुरू की गई थी योजना**

इस योजना में पौनी पसारी के माध्यम से छोटे व्यापारियों को छत और सुविधा देने का मकसद था।



चांपा में भी इसी उद्देश्य से निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन अब यह मात्र कागजों में सिमटी एक असफल योजना बन चुकी है। नगरपालिका की उदासीनता का आलम यह है कि इस सुनसान भवन में अब नशेड़ी खुलेआम बैठते हैं। मानो उन्हें यहां बैठने की बाकायदा व्यवस्था कर दी गई हो। नगरवासी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर लाखों रुपए खर्च कर यदि यही हाल क करना था तो निर्माण ही क्यों किया गया।

## पोषण पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों से नागरिकों को किया गया जागरूक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पोषण अभियान के तहत कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न थीमों पर गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि आज जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में बैठक कर पोषण स्थिति का आंकलन एवं कुपोषण प्रबंधन पर चर्चा, पोषण प्रदर्शनी, जीवन के प्रथम 1000 दिवस का महत्व बारे में चर्चा, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच, बच्चों का टीकाकरण तथा गर्भावस्था के दौरान पति व परिवार के सदस्यों की भागीदारी के बारे में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, मोटापे की रोकथाम सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए नगारिकों को जागरूक करते हुए पोषण पखवाड़ा का समापन किया गया।




## 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 50 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी उत्तीर्ण रखा गया है एवं कंपनी द्वारा वेतनमान 9500 से 30000 रु/- निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### शासन स्तर पर नई दर लागू, समर्थन मूल्य के बढ़ने से पड़ रहा असर

**जांजगीर।** रबी फसल तैयार होने के बाद खरीफ सीजन में किसानों को इस साल आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। खरीफ सत्र 2025 में अनाज, दहलन और तिलहन के बीज की नई दर शासन स्तर से लागू कर दी गई है। बीज के दाम प्रति क्विंटल 100 से 150 रुपए तक बढ़ गए।



पिछले साल जिस मोटे धान के बीज की कीमत 3400 रुपए प्रति क्विंटल थी। वह अब 3550 रुपए में मिलेगी। वही पतला धान 4030 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। बीज के दाम बढ़ने के कारण धान की खेती की लागत बढ़ जाएगी। धान का समर्थन मूल्य बढ़ने के कारण बीज के दाम हर साल बढ़ रहे हैं। इस साल भी बीज के धान में बढ़ोतरी करने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। हालांकि पिछले साल की तुलना में इस बार धान में अत्यधिक बढ़ोतरी नहीं हुई है। बीज निगम ने जिले में नई दरें लागू कर दी हैं। इधर खरीफ सीजन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।

### वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से



प्राप्त शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए शिवरीनारायण पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राहुल मोहम्मद इरफान के विरुद्ध आईटी एक्ट व पाक्सो एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई कर 22 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा।

## 10 मई तक नहर में छोड़ा जाए पानी, विधायक ने रखी मांग

**जांजगीर-चांपा ।** विधायक ब्यास कश्यप ने कलेक्टर को पत्र लिखकर हसदेव नहर मुख्य नहर में 10 मई 2025 तक जल प्रवाह जारी रखने की मांग रखी है। इस संबंध में कलेक्टर को अपने लेटर पेड़ से पत्र लिखकर त्वरित पहल करने की बात कही है।

विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में किसानों द्वारा रबी फसल लिया गया है जिसकी सिंचाई के साथ ही क्षेत्र के भूमिजल स्रोत को बनाये रखने के लिए नहर में जल प्रवाह जारी रखना आवश्यक है। चूंकि जांजगीर नगर में भूमिगत जलस्रोत लगातार कम होता जा रहा है परन्तु वर्तमान में मुख्य नहर में जल प्रवाह जारी होने के कारण नगरवासियों को पेयजल की समस्या फिलहाल नही हो रही है। यदि 10 मई तक नहर में जल प्रवाह जारी रहता है तो इस बीच क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाबों को भी नहर के पानी से भरा जा सकता है जिससे पेयजल एवं अन्य निस्तारी की समस्या नही होगी। उन्होने आगे कहा कि



क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान किसानों ने आग्रह किया है कि नहर मे कम से कम 15 से 20 दिन जल प्रवाह जारी रहना चाहिए। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर आगामी 10 मई तक मुख्य शाखा नहर में जल प्रवाह जारी रखने की मांग की गई है।

**प्याऊ खोलने सी.एम.ओ. जांजगीर को पत्र**

विधायक ब्यास कश्यप ने जांजगीर-नैला नगरपालिका क्षेत्र में प्रमुख स्थानों में प्याऊ खोलने के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखा है। विधायक कश्यप ने अपने पत्र में कहा है कि ग्रीष्मकाल में नगरपालिका द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ खोला जाता रहा है। परन्तु इस वर्ष इस प्रकार की कोई व्यवस्था नही की गई है जिससे बाहर से आने वालों के साथ ही स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होने आगे कहा कि जिला मुख्यालय होने के कारण जांजगीर में दूर-दूर से लोगों को अपने कार्य के लिए आवागमन होता हैं जो पीने के पानी के लिए परेशान होते हैं। मजबूरी में उन्हें रूपये खर्च कर पानी की बोतल या पाउच खरीदना पड़ता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ शीघ्र खोला जाना चाहिए।

**बरबसपुर सरपंच ने की विधायक से मुलाकात**

ग्राम पंचायत बरबसपुर के नवनिर्वाचित सरपंच पुष्पेन्द्र पटेल ने मंगलवार को जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के कार्यालय पहुंचकर उनसे आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सरपंच पटेल ने विधायक कश्यप को गुलदस्ता भेंटकर एवं उनका मुंह मीठा कराकर स्वागत भी किया। इस दौरान सरपंच पटेल द्वारा ग्राम विकास हेतु विभिन्न कार्यों की स्वीकृति की मांग पर विधायक कश्यप ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यों को करवाया जाएगा। इसके लिए उन्होने अपने विधायक निधि के अलावा प्रभारी मंत्री से भी बात कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

### करंट की चपेट में आया युवक, हुई मौत

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला वार्ड नंबर 19 में करंट लगने से 16 साल के युवक पुणेंद्र पटेल की मौत हो गई। वह घर के बाड़ी में लगे टुल्लू पंप को चालू करने गया था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के वक्त घर पर कोई नहीं था। उसका बड़ा भाई राकेश पटेल किसी काम से बाहर गया था। इसके बाद वह टुल्लू पंप चालू करने बाड़ी में गया। वहां देखा कि उसका भाई कुएं के पास पीठ के बल पड़ा था।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./263/निर्माण/2025 दिनांक 15.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.37 रामपुर अंतर्गत कंवर समाज हेतु सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य (मुख्यमंत्री घोषणा मद) (प्रथम निविदा) | 50.00 | 07.05.2025 (T.No.167052) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

## अनमोल वचन......

ईश्वर ही ईश्वर की उपलब्धि कर सकता है.
सभी जीवंत ईश्वर हैं-इस भाव से सब

# देश की अखंडता पर प्रहार

वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दरम्यान सरकार ने आश्वासन दिया कि सेंटर वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी। मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने तथा वक्फ संशोधन कानून, 2025 के कुछ प्रावधानों पर फिलहाल अमल न करने की बात भी की। अदालत ने सरकार को जवाब देने के लिए सात दिन का वक्त दिया है। अगले आदेश तक वक्फ, जिसमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है, में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। न ही संबंधित कलेक्टर इनमें कोई बदलाव करेगा। 1995 के अधिनियम के तहत जिन वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण हुआ है, उनको अगली सुनवाई तक गैर-अनूसूचित न करने का स्पष्ट निर्देश भी दिया गया है।

अदालत में वक्फ कानून की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि जैन, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों के धर्म पर ऐसे कानून लागू नहीं होते। जैसा कि नये कानून के अनुसार वही शख्स अपनी संपत्ति दान कर सकता है, जो कम से कम पांच साल से मुसलमान हो यानी इस्लाम अपना चुका हो। दान की जाने वाली संपत्ति का मालिकाना हक भी रखता हो। शीर्ष अदालत ने सरकार से तल्ख सवाल किया कि क्या वह हिन्दुओं के धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमान या गैर- हिन्दुओं को शामिल करने जा रही है। इस कानून के पारित होने के बाद हुई हिंसा की भी निंदा की। हरियाणा, महाराष्ट्र, मप्र, असम, छत्तीसगढ़ व राजस्थान जैसे भाजपा शासित राज्यों में अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अनुसार वक्फ के पास देश भर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। कोई भी चल/अचल संपत्ति वक्फ होती है, जिसे अल्लाह के नाम पर मुसलमान धार्मिक या परोपकार के मकसद से दान करता है। अल्लाह ही हमेशा उसका मालिक होता है। इस तरह का चलन मंदिरों से लेकर अन्य धर्मों में भी है। मंदिरों के पास बगैर कागजात वाली संपत्ति कम नहीं हैं। इसलिए सरकार को कानून बनाते हुए सभी धार्मिक स्थलों के अधिकार क्षेत्र वाली चल/अचल संपत्ति पर यह कानून लागू करना चाहिए था। पूर्वाग्रहों से भरे पक्षपात करने वाली मोदी सरकार को इससे बचना चाहिए था। वक्फ की आड़ में संप्रदाय विशेष को लेकर टिप्पणियां या नया कानून बनाने की जल्दबाजी देश की अखंडता पर प्रहार कर सकती है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आगमन हो सकता है। माता दुर्गा के आशीर्वाद से आपके रुके हुए काम सफल होंगे। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए आज आप नया प्लान बनायेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहने वाला है। आज आपके परिवार में नई खुशियाँ आएंगी। आज आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। अगर आँख से सम्बंधित समस्या है तो किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वाइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। आज अपने व्यापार में बदलाव लायेंगे, इससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज आपको बड़ों का सहयोग मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। बुजुर्गों की धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस मैन की रुकी डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा।

तुला राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए, सफलता के योग बने हुए हैं। माता-पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर वालों से करेंगे।

धनु राशिःआज आपका दिन शानदार रहने वाला है। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आपको सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप व्यापार के लिए मशीनरी उपकरण खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेम भाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नयी कलाकृति दोस्तों को पसंद आयेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। माँ स्कन्दमाता को मीठे का भोग लगायें, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। अगर आपके घर का निर्माण कार्य चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा, साथ में किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियाँ बनी रहेंगी।

मीन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सिविल इंजीनियर्स का चल रहा प्रोजेक्ट आज पूरा हो जायेगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी।

# भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से

//अजीत द्विवेदी//

**वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मुंबई में रहते हैं और इस बार तो राज्यसभा छोड़ कर मुंबई की एक सीट से लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वे कॉरपोरेट के चहेते नेता हैं। इसी योग्यता की वजह से वे लंबे समय तक भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। यह पद उनको विरासत में मिला था। पहले उनके पिता वेद प्रकाश गोयल भी भाजपा के कोषाध्यक्ष थे। यानी वे पीढ़ियों से कॉरपोरेट फ्रेंडली हैं। इसके बावजूद उन्होंने ऐसी बात कही है, जो निश्चित रूप से इस देश के किसी कॉरपोरेट को पसंद नहीं आई होगी। कई लोगों ने तो खुल कर प्रतिक्रिया भी दी और बाकी लोग मन ही मन कुढ़ रहे होंगे। गोयल ने राजनीतिक जोखिम भी लिया है।**

उन्होंने जब कहा कि भारत में सिर्फ फूड डिलीवरी, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी या बेटिंग, गेमिंग के स्टार्टअप्स बन रहे हैं, जबकि चीन में एआई और ईवी के स्टार्टअप्स बन रहे हैं तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दावे पर भी सवाल खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी बार बार कहते रहे हैं कि भारत स्टार्टअप्स का कैपिटल है और दावा करते हैं कि भारत के कितने स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन गए यानी सौ करोड़ डॉलर से ज्यादा का कारोबार करने वाले बन गए। लेकिन उनके इस दावे के बरक्स पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप्स की हकीकत बताई है। उन्होंने बड़ा जोखिम लिया है।

पीयूष गोयल ने स्टार्टअप महाकुंभ में बोलते हुए कहा, 'भारत में स्टार्टअप्स फूड डिलीवरी, फैंसी आइसक्रीम व कुकीज, इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी, बेटिंग व फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप्स और रील्स व इन्फ्लूएंसर्स इकोनॉमी बनाने में बिजी हैं'। उन्होंने भारत के स्टार्टअप्स की तुलना चीन से करते हुए कहा कि दूसरी ओर चीन में 'ईवी व बैटरी टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, एआई रोबोटिक्स व ऑटोमेशन, ग्लोबल लॉजिस्टिक्स, ट्रेड व डीप टेक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े स्टार्टअप्स शुरू हो रहे है'। गोयल इतने पर नहीं रूके उन्होंने यह भी कहा कि वे ऐसे तीन या चार अरबपतियों को जानते हैं, जिनके बच्चों ने बहुत फैंसी आइसक्रीम और कुकीज के ब्रांड बनाए और वे सफल कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे दिक्कत नहीं है लेकिन क्या यही भारत का भविष्य है और क्या देश इससे संतुष्ट है। उनको सुनते हुए कई बार लगा कि कोई कम्युनिस्ट या सोशलिस्ट लीडर बोल रहा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत का स्टार्टअप क्या है। हम फूड डिलीवरी ऐप्स पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और बेरोजगार युवाओं को सस्ता मजदूर बना रहे हैं ताकि अमीर लोग घर से निकले बगैर अपना भोजन प्राप्त कर सकें'। भारत के वाणिज्य मंत्री ने अपने इस भाषण से ऐसी दुखद सचाई को एक्सपोज किया है, जिस पर अभी तक परदा डाला जाता रहा है और ऐसी छोटी छोटी चीजों को बड़ा बना कर देश की उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाता रहा है। सवाल है कि भारत क्यों ऐसी स्थिति में है। भारत इस स्थिति में इसलिए है क्योंकि भारत के कारोबारी जोखिम नहीं ले सकते हैं। वे इनोवेशन यानी नई चीजों के रिसर्च में पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं। वे अनदेखे क्षेत्र में कदम ही नहीं रख सकते हैं। बचपन से इस देश में 'महाजनो येन गतः स पंथा' पढ़ाया जाता है। यानी समझदार लोग जिस रास्ते पर गए हों उसी पर चलें। लीक छोड़ कर चलने की शिक्षा नहीं दी जाती है। तभी भारत के कारोबारी इंतजार करते हैं कि दुनिया के दूसरे देशों में लोग रिसर्च पर पैसे खर्च करें और नई तकनीक ईजाद करें और उत्पाद बना लें तो वे बाद में उसका इस्तेमाल कर लेंगे। यानी इनोवेटर नहीं कंज्यूमर बनने की ही सोच देश के खरबपतियों की भी है।

तभी दुनिया भर के देशों में जब फूड डिलीवरी ऐप्स बन गए, डिजिटल भुगतान के ऐप्स बन गए, कैब और फूड एग्रीगेटर के ऐप्स बन गए तो भारत के अरबपतियों ने उनकी नकल करके अपने ऐप्स बनाए और सचमुच भारत के बेरोजगार युवाओं को सस्ते मजदूर में बदल दिया। स्विगी, जोमैटो से लेकर ब्लिंकिट और बिग बास्केट तक और भारत पे से लेकर पेटीएम तक और ओला से लेकर मिंत्रा तक और जेरोधा से लेकर ग्रो तक जितने भी ऐप्स बन हैं और जिनसे भारत में नई पीढ़ी के अरबपति बने हैं उनमें से कोई भी ऐप नया इनोवेशन नहीं है और कोई भी ऐप ऐसा नहीं है, जो भारत से बाहर दुनिया के दूसरे देश में इस्तेमाल किया जा रहा हो और उससे भारत में पैसा आ रहा हो। लगभग सारे स्टार्टअप्स और सारे ऐप्स भारत के लोगों को छोटी छोटी सुविधाएं देने के लिए ही हैं। उनसे भारत को बड़ी इकोनॉमी बनाने या भारत की बुनियादी व चिरंतन समस्याओं के समाधान का रास्ता नहीं बनता है। पीयूष गोयल ने सिर्फ चीन से तुलना की अगर अमेरिका और यूरोप के देशों से तुलना की जाए तो भारत के स्टार्टअप्स और भी थके हुए और समय से पीछे के दिखाई देंगे। कोई भी नया इनोवेशन नहीं है। कोई भी तकनीक ऐसी नहीं है, जिसे पेटेंट कराया जाए तो दुनिया वाह कहे और उसका इस्तेमाल करने के लिए लाखों, करोड़ों डॉलर खर्च करे। भारत के खरबपति सरकारी नियम, कानूनों और देश की संपदा का इस्तेमाल करके अपनी संपत्ति बढ़ाते हैं। उनको नया कुछ भी करने की जरुरत नहीं है। इसी तरह भारत के जो स्टार्टअप्स हैं उन्हें शुरू करने वालों के पास भी कोई नया आइडिया नहीं है। वे दुनिया में आजमा लिए गए आइडिया पर ही काम करते हैं। सैम ऑल्टमैन और इलॉन मस्क ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम किया और ओपन एआई की स्थापना की, जिससे पूरी दुनिया में एआई की क्रांति आई है। गूगल, फेसबुक, यूट्यूब, एक्स से लेकर आयोस, एंड्रॉयड तक सारी प्रौद्योगिकी का आविष्कार दूसरे लोगों ने किया। भारत के खरबपति और स्टार्टअप्स शुरू करने वाले युवा ऐसी ही तकनीकों का इस्तेमाल करके कमाई कर रहे हैं।

ऐसा नहीं हुआ कि अमेरिका में ओपन एआई के तहत चैटजीपीटी बना तो भारत में किसी ने जेनेरेटिव एआई टूल्स बनाने में निवेश किया और कुछ नया बना लिया लेकिन चीन के एक उद्यमी ने डीपसीक बना लिया। अब भारत या तो चैटजीपीटी का इस्तेमाल करेगा या डीपसीक का करेगा। इस मामले में अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से बेहतर नहीं है भारत की स्थिति। उधर चीन में बैटरी तकनीक पर इतना काम हुआ है कि उसकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बीवाईडी और ली ऑटो ने अमेरिका की टेस्ला और जर्मनी के फॉक्सवैगन की नींद उड़ा रखी है।

इधर भारत में ओला ने ईवी स्कूटर बनाया तो हजारों, लाखों ग्राहक रोज शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं और कंपनी उनकी शिकायतें दूर करने में सक्षम नहीं है। भारत में डीप टेक यानी बड़े तकनीकी आविष्कार की सोच और क्षमता नहीं है। स्टार्टअप्स करने वाले युवाओं के पास भी कोई आइडिया या तकनीकी जानकारी नहीं है। चीन में डीप टेक के काम में लगी छह हजार कंपनियों ने एक सौ अरब डॉलर का वेंचर कैपिटल जुटाया है। ये कंपनियां एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च के काम में लगी हैं। ये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, क्लीन एनर्जी और एडवांस्ड मैटेरियल के फील्ड में रिसर्च कर रही हैं। भारत में शायद ही इस तरह के फील्ड में कोई स्टार्टअप कंपनी काम कर रही है।

सरकार भी ऐसे फील्ड में रिसर्च में ज्यादा पैसा खर्च नहीं करती है। सो, पीयूष गोयल ने जो सवाल उठाए हैं उनका जवाब भारत सरकार को भी देना चाहिए। भारत में अगर तकनीक के क्षेत्र में कुछ निवेश और स्टार्टअप्स हैं भी तो सिर्फ 'सॉफ्टवेयर एज अ सर्विस सेक्टर' यानी कॉल सेंटर या आईटी आधारित सेवाओं में है। यह भी कुलीगीरी का ही काम है। यह सही है कि चीन में भी बहुत सी कंपनियों ने पहले घरेलू उपभोक्ताओं का ध्यान रख कर उनकी जरूरतों को पूरा करने वाला ऐप बनाया लेकिन यह बहुत पहले की बात है। भारत में जो आज हो रहा वह कई बरस पहले चीन में हो चुका है। भारत पे बनाने वाले अशनीर ग्रोवर ने कहा कि चीन में भी पहले फूड डिलीवरी ऐप बने और तब डीप टेक के ऐप्स बने। लेकिन क्या भारत में ऐसा हो सकता है कि जो फूड डिलीवरी ऐप बना रहे हैं वे डीप टेक में रिसर्च करेंगे। जेप्टो के आदित पलिचा या भारत के अशनीर ग्रोवर या शादी डॉटकॉम के अनुपम मित्तल बेवजह आहत हुए हैं। ये लोग कुछ नहीं कर रहे हैं और न कर सकते हैं। इन लोगों ने दुनिया के विकसित देशों की तकनीक की नकल करके जो कुछ भी बनाया है उसमें भी कंपीटिशन नहीं झेल सकते हैं। कोई बाहरी खिलाड़ी आ जाए तो उसको अपना सब कुछ बेच कर निकल लेंगे।

# संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता

//उमेश चतुर्वेदी//

**कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं।बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है।**

इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछ्ली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।


मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं। चीनी भाषा में, अक्षर को हांजी कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है। भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है।उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है।

परियोजना के संचालकों के अनुसार, 'मंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं। वैसे भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही चीनी बाजार और कंपनियों के साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों में भी चीनी भाषा जानने वालों की मांग बढ़ी है। चीनी पर्यटकों के साथ काम करने वाले भारतीय होटलों और पर्यटन उद्योग को भी चीनी दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। लिहाजा इन क्षेत्रों में भी चीनी भाषा के जानकारों की मांग बढ़ी है। एक कहावत है कि आप सबकुछ बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। चीन भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी है। लिहाजा इस वजह से भी जरूरी है कि चीन की भाषा सीखी जाए। यह सोच भारतीय समाज में भी बढ़ रही है। भारत और चीन कई अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से एक-दूसरे के सहयोगी है। भारत-चीन आर्थिक और वाणिज्यिक व्यापारिक संबंध कई प्लेटफार्मों के जरिए बन रहे हैं। आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत-चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी-बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं। इतना ही नहीं, चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हरियाणा के करनाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में सियाम और केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा शिक्षण मॉड्यूल सुरक्षित सफर का शुभारंभ किया।




छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और एआईसीसी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने रायपुर में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर मीडिया को संबोधित किया।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में ट्यूरिंग के सीईओ जोनाथन सिद्धार्थ से मुलाकात की।

# कश्मीर घूमने आए इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी की आतंकी हमले में हत्या, पत्नी-बच्चों के सामने मारी गोली



हैदराबाद, 23 अप्रैल [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में पत्नी और बच्चों के सामने इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। बिहार के रहने वाले मनीष रंजन की उनकी पत्नी और बच्चों के सामने गोली मारी। हैदराबाद में तैनात आईबी अधिकारी अपने परिवार के साथ लीव ट्रैवल कंसेशन (एलटीसी) यात्रा पर थे। जब आतंकवादियों ने उन पर हमला किया, तब परिवार कई अन्य पर्यटकों के साथ पहलगाम की बैसरन घाटी में था। मनीष रंजन आईबी के हैदराबाद कार्यालय के मंत्री अनुभाग में तैनात थे। इस बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले पर दुख जताया है। इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण हमले भारतीय लोगों की भावना और लचीलेपन को नहीं हिला सकते। उन्होंने केंद्र सरकार से इसमें शामिल आतंकवादी समूहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने हमले की निंदा कीसीएम रेवंत रेड्डी ने जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी आतंकी हमले की निंदा की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की। इस दौरान उन्होंने रणनीतिक साझेदारी परिषद की सह-अध्यक्षता की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच दोस्ती को और मजबूत करना है।

आंखों के सामने पति को गोली मारे जाने के बाद से एशान्या के आंसू नहीं थम रहे नहीं रहा है। बताया कि वह पूरे परिवार के साथ मंगलवार को ही पहलगाम पहुंचे थे। पहलगाम के ऊंचाई वाले मैदान में घुड़सवारी करके गेट तक पहुंचे थे।वहां से करीब 50 मीटर दूरी पर वह, शुभम और बहन शांभवी एक साथ बैठे थे। मम्मी-पापा गेट के पास थे। उसी दौरान एक आतंकी ने आकर पूछा कि मुसलमान हो या हिंदू। वह उसकी बातें समझ नहीं पाई। फिर दोबारा पूछा कि मुसलमान हो तो कलमा पढ़ो।

## हम भारत के साथ, पहलगाम आतंकी हमले पर ट्रंप ने क्या-क्या कहा, इजरायल समेत कई देशों ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कई देशों ने न सिर्फ निंदा की है बल्कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द ट्रूथ पर लिखा, कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है। हमारी संवेदनाएं आप सभी के साथ हैं! विदेश से सबसे पहली प्रतिक्रिया इजरायल से आई है। पहले इजरायली दूतावास और फिर इजरायल के विदेश मंत्री गिडोन सार ने इस घटना को विभत्स बताते हुए अपना क्षोभ व्यक्त किया।सार ने हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इजरायल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। यूक्रेन के दूतावास ने कहा कि वे पहलगाम आतंकी हमले से बेहद दुखी हैं। हम रोजाना आतंकी हमले का शिकार होते हैं और किसी भी तरह के आतंकवाद की निंदा करते हैं। जब निर्दोष लोगों की मौत होती है तो इससे असहनीय पीड़ा होती है। हमला करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कैसियानो ने कहा कि उनका देश इस समय भारत के साथ है। हर तरह के आतंकवाद, अतिवाद और कट्टरता की निंदा करते हैं। सिंगापुर के दूतावास ने भी हमले की निंदा की है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि आज भारत में हुए आतंकवादी हमले से बहुत दुःख हुआ, जिसमें अनेक लोग हताहत हुए। इटली प्रभावित परिवारों, घायलों, सरकार और सभी भारतीय लोगों के प्रति अपनी निकटता व्यक्त करता है।

# संसद से पारित कानून को लागू होने से कोई राज्य रोक नहीं सकता, किरेन रिजिजू ने सीएम ममता पर साधा निशाना



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम लागू करने से इन्कार के लिए मंगलवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और कहा कि संघीय ढांचे के तहत कोई राज्य संसद से पारित कानून को लागू होने से रोक नहीं सकता। रिजिजू ने कहा कि कुछ गुमराह मुसलमान और वोट बैंक के तुष्टीकरण में लगे राजनेता वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही ऐसे लोगों को बेनकाब करेगी। उन्होंने ये टिप्पणियां मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कीं। ममता बनर्जी ने पहले कहा था कि बंगाल में वक्फ अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा और वह अल्पसंख्यकों तथा उनकी संपत्तियों की रक्षा करेंगी। बनर्जी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा, हम संघीय ढांचे के तहत काम करते हैं। वह सैद्धांतिक रूप से अधिनियम का विरोध कर सकती हैं, लेकिन यह नहीं कह सकतीं कि वह संसद से पारित कानून को राज्य में लागू नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, हम जल्द ही गरीब मुसलमानों को लूटने और कानून के प्रविधानों के बारे में उन्हें गुमराह करने वालों को बेनकाब कर देंगे। ऐसे लोग और वोटबैंक की राजनीति कर रहे कुछ राजनेताओं ने यह झूठ फैलाया है कि मुसलमान अपने कब्रिस्तान और मस्जिदें खो देंगे और उनकी भूमि जब्त कर ली जाएगी। यह झूठ बोलना पाप है। उन्होंने वक्फ अधिनियम को लेकर मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के लिए भी तृणमूल कांग्रेस प्रमुख की आलोचना की। कहा कि मुस्लिम समुदाय के कई सदस्य वक्फ अधिनियम लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देने आगे आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाए जाएंगे कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल गरीब मुसलमानों के कल्याण के लिए किया जाए।

## इजरायल के गाजा में ताबड़तोड़ हमले, 14 लोगों की मौत, पानी के टैंकर और बुलडोजर किए नष्ट



**यरुशलम।** गाजा में मंगलवार को इजरायल के हमले में 14 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। इसी के साथ इजरायली सेना ने मलबा हटाने के लिए अन्य देशों द्वारा गाजा में भेजे गए बुलडोजरों और अन्य भारी उपकरणों को भी नष्ट कर दिया।ये उपकरण गाजा में इजरायली बमबारी से ध्वस्त हुए भवनों का मलबा हटाने के लिए भेजे गए थे। ये उपकरण अरब देशों ने गाजा के प्रशासन को भेजे थे। इजरायल की हमास के खिलाफ 18 महीने की कार्रवाई में गाजा के ज्यादातर भवन बर्बाद हो गए हैं। वे ऐसे नहीं रह गए हैं कि उन्हें मरम्मत से ठीक किया जा सके।इन भवनों के मलबे के नीचे बड़ी संख्या में शवों के दबे होने की भी आशंका है। लगातार हो रहे हमलों के चलते गाजा में मलबा हटाने का कार्य नहीं हो सका है। गाजा में पहले से मौजूद बुलडोजर और अन्य उपकरणों के अतिरिक्त सहानुभूति रखने वाले देशों ने युद्धविराम के दौरान उपकरण भेजे थे। गाजा और इजरायल के बीच मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर ने नौ बुलडोजर भेजे थे। जबालिया में ये बुलडोजर जहां रखे थे वह गैराज इजरायली बमबारी में नष्ट हो गया है। इजरायली हमलों में पानी के टैंकर और जेनरेटर भी नष्ट होने की सूचना है। इन हमलों पर इजरायली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है। इजरायल ने मंगलवार को लेबनान की राजधानी बेरूत पर फिर हवाई हमला किया। इजरायल ने इस बार सुन्नी मुसलमानों के सशस्त्र संगठन जामा इस्लामिया को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने बताया है कि हमले में इस्लामिक संगठन का शीर्ष कमांडर हुसैन अतावी मारा गया है। अतावी इजरायल में आतंकी हमले की योजना बनाने और उनके लिए सहयोग देने का काम करता था।

## सोना तस्करी मामले में क्या रान्या राव को मिल जाएगी जमानत, कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने सोना तस्करी मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और सह आरोपित तरुण कोंडुरु राजू की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। जस्टिस एस विश्वजीत शेट्टी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। यह मामला तीन मार्च को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई की उस कार्रवाई से उत्पन्न हुआ है, जिसके तहत रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की छड़ें जब्त की गई थीं। रान्या राव के आवास पर ली गई तलाशी में 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। राव और राजू दोनों पर सीमा शुल्क अधिनियम की कई धाराओं के तहत गंभीर आरोप हैं, जिनमें सोने के अवैध आयात और तस्करी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। राव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संदेश चौटा ने दलील दी कि डीआरआई ने तलाशी और जब्ती के दौरान उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। उन्होंने इस आधार पर नरमी बरतने का अनुरोध किया कि राव एक महिला हैं और पहले ही 49 दिनों से अधिक समय से हिरासत में हैं।

# बेल्जियम में मेहुल चोकसी को झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

ब्रसेल्स, 23 अप्रैल [एजेंसी]।

पंजाब नेशनल बैंक को लगभग 13,500 करोड़ रुपये का चूना लगाकर वर्ष 2018 से भारत से फरार हुआ घोटालेबाज मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अदालत ने खारिज कर दी है।तीन जजों की पीठ ने सुनवाई के बाद जमानत न देने का फैसला सुनाया। इससे पहले चोकसी के भारतीय वकील विजय अग्रवाल ने जमानत की सुनवाई से पहले एंटवर्प में जेल में चोकसी से मुलाकात की। भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर चोकसी को पिछले सप्ताह बेल्जियम की पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया था।



चोकसी बेल्जियम के एक अस्पताल में इलाज करा रहा था, जहां उसकी गिरफ्तारी हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए प्रयास कर रहा है। जायसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। हम उसके भारत प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि वह देश में मुकदमे का सामना कर सके।गौरतलब है कि भारतीय एजेंसियों ने बेल्जियम सरकार से उसे प्रत्यर्पित करने का आग्रह किया है। भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण समझौते में एक दूसरे के आर्थिक अपराधियों को सुपुर्द करने का प्रविधान है। मेहुल के मामले में समस्या सिर्फ यह है कि चोकसी का स्वास्थ्य खराब है। वह इस आधार पर बचने की कोशिश कर सकता है।

# गरीबी का उठाया फायदा...500 मरीजों पर किया गैरकानूनी दवाओं का परीक्षण, अब हुई कार्रवाई



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद महानगरपालिका द्वारा संचालित वीएस अस्पताल में 500 मरीजों पर अवैध रूप से क्लीनिकल ट्रायल करने का मामला सामने आया है। फार्मा कंपनियों से करोड़ों रुपये लेकर चिकित्सकों ने उनकी दवाओं के ट्रायल किए। महानगरपालिका ने इसमें संलिप्त आठ चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया है। जबकि, एक वरिष्ठ चिकित्सक को निलंबित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। इस अस्पताल में बीते करीब पांच वर्ष से फार्माकोलाजिस्ट डॉ. देवांग राणा व अन्य आठ चिकित्सक फार्मा कंपनियों से करोड़ों रुपये लेकर लगभग 500 मरीजों पर दवाओं का ट्रायल कर रहे थे। महानगरपालिका आयुक्त बच्छानिधी को इसकी शिकायत मिली तो उन्होंने एक जांच समिति बनाई। इसकी जांच में वीएस अस्पताल में अवैध तरीके से क्लीनिकल ट्रायल की बात सामने आई। डॉ. देवांग राणा व आठ चिकित्सकों ने एक फर्जी एथिकल कमेटी बनाकर दवाओं के ट्रायल की मंजूरी प्राप्त कर ली थी। जांच में पता चला है कि 58 फार्मा कंपनियों की 38 प्रकार की दवाओं का ट्रायल लगभग 500 मरीजों पर किया गया।महानगरपालिका उपायुक्त भरत परमार ने बताया कि जांच समिति की प्राथमिक रिपोर्ट के बाद डॉ. राणा को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद इसमें संलिप्त आठ चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया गया।ओपीडी में आने वाले गरीब मरीजों को पैसे का लालच देकर आरोपित चिकित्सक क्लीनिकल ट्रायल के लिए उन्हें तैयार करते थे। महानगरपालिका बोर्ड की बैठक में पहले भी एक पार्षद ने यह मामला उठाया था। महानगरपालिका में नेता विपक्ष शहजाद खान पठान ने सोमवार को प्रदर्शन कर वीएस अस्पताल में मरीजों पर क्लीनिकल ट्रायल का मुद्दा उठाया। इससे पहले महानगरपालिका बोर्ड की बैठक में उन्होंने यह मामला उठाया था।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद यूपी में अलर्ट, काशी-मथुरा समेत धार्मिक स्थलों पर बढ़ाई गई निगरानी

लखनऊ, 23 अप्रैल [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। अयोध्या, मथुरा-काशी समेत अन्य प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। ऐसे सभी स्थलों पर चेकिंग बढ़ाए जाने के साथ ही संदिग्धों पर कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश दिया गया है। प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर पहले से कड़े सुरक्षा प्रबंध हैं। जम्मू-कश्मीर में हुई घटना के बाद सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा किए जाने के साथ ही चौकसी बढ़ाई गई है। सूत्रों का कहना है कि डीजीपी प्रशांत कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर संवेदनशील शहरों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाए जाने का निर्देश दिया है। एक उच्च स्तरीय बैठक में सभी जिलों में संदिग्धों की निगरानी बढ़ाए जाने व हर छोटी सूचना को भी वरिष्ठ अधिकारियों से साझा किए जाने का निर्देश दिया गया। महाकुंभ के दौरान खालिस्तानी आतंकी संगठन व आइएसआइ ने हमले का गहरा षड्यंत्र रचा था। एसटीएफ ने खालिस्तानी आतंकी लजर मसीह को कौशांबी से गिरफ्तार किया था। प्रदेश में आतंकियों का नेटवर्क गहरा रहा है।




## ओडिशा में भीषण गर्मी का कहर, अगले आदेश तक स्कूल-कॉलेज बंद, परीक्षाओं को लेकर भी जारी हुआ नया ऑर्डर




भुवनेश्वर, 23 अप्रैल [एजेंसी]।

राज्य में बढ़ती गर्मी को देखते हुए बुधवार से राज्य में स्कूल और कॉलेज बंद घोषित कर दिए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। मंत्री पुजारी ने कहा कि स्कूल और कॉलेज अगले आदेश तक बंद रहेंगे। राजस्व मंत्री ने कहा कि बुधवार से आंगनबाड़ी केन्द्र भी बंद रहेंगे। सुबह 7 बजे से 8.30 बजे तक चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। आंगनबाड़ी के बच्चों का भोजन उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। गर्मी की लहर को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, वे छात्र जो हॉस्टल में रह रहे हैं, वे हॉस्टल में पढ़ाई कर सकते हैं। पहले के शेड्यूल के अनुसार, परीक्षाएं जारी रहेंगी जैसा कि उन्हें माना जाता था। दिशानिर्देश सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों पर लागू होते हैं। निजी शिक्षण संस्थान अनुपालन नहीं करेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के एक आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि तापमान में गिरावट आने पर स्कूल और कॉलेज फिर से खोलने के आदेश जारी किए जा सकते हैं।

## आतंकी हमले में नेवी अफसर समेत 26 की मौत, मोदी सऊदी से भारत रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आज आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला किया जिसमें दो विदेशी पर्यटकों समेत 26 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में आतंक का नया पर्याय बने लश्कर- ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है।आतंकी हमले के बाद सरकार एक्शन में है। पीएम मोदी ने अमित शाह से फोन पर बातचीत की। उन्होंने इस घटना पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। अमित शाह ने कहा कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे।

# पूर्व डीजीपी मर्डरः पत्नी-बेटी ने एक हफ्ते पहले रची थी हत्या की साजिश, फिर पेट-छाती को चाकू से कर दिया छलनी

बेंगलुरू, 23 अप्रैल [एजेंसी]।

कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश गुप्ता की हत्या के मामले में प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उनकी पत्नी पल्लवी और बेटी कृति ने एक सप्ताह पहले हत्या की साजिश रची थी। घर में ओमप्रकाश पर दोपहर के भोजन के दौरान हमला किया गया। आरोपितों ने पहले खाने की मेज पर बैठे ओम प्रकाश की आंखों में मिर्च पाउडर फेंका और फिर उन पर चाकू और बीयर की बोतल से हमला किया। पूर्व डीजीपी का शव खाने की मेज पर ही खून से लथपथ मिला था।इस बीच डीसीपी सारा फातिमा ने बताया कि आरोपित पल्लवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि कृति को मानसिक जांच के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआइएमएचएएनएस) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के मामले में उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। उनके बेटे कार्तिकेश ने शिकायत दर्ज कराई थी। पल्लवी और कृति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कार्तिकेश ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को उनकी मां से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वारदात से पहले मां-बेटी ने उनके साथ झगड़ा किया।



उसके बाद जब ओम प्रकाश खाने की टेबल पर बैठे मछली खा रहे थे तब आरोपितों ने उन पर जानलेवा हमला किया। आरोपितों ने पहले ओम प्रकाश की आंखों में मिर्च पाउडर फेंका इस लिए फेंका ताकि वह अपनी बंदूक का इस्तेमाल न कर सकें।पुलिस के सूत्रों के अनुसार, आरोपितों ने मिर्च पाउडर फेंकने के बाद उन पर तेल डाल दिया। इसके बाद उनकी गर्दन, पेट, छाती और सिर में 12 से अधिक बार चाकू मारा गया। सुबूत बताते हैं कि पूर्व डीजीपी ने दोनों से करीब 10 मिनट तक संघर्ष भी किया। पुलिस ने यह भी कहा कि पल्लवी ने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार कर लिया है।

# अहमदाबाद में बड़ा फर्जीवाड़ा, फेक ट्रस्टियों ने वक्फ की 100 करोड़ की संपत्ति पर जमाया कब्जा



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद महानगर में कांच की मस्जिद व शाह बड़ा कासम रोजा ट्रस्ट की करीब एक सौ करोड़ रुपये की संपत्ति के पांच ट्रस्टी की मौत के बाद पांच लोग अवैध रूप से ट्रस्टी बन 20 वर्ष से इन संपत्तियों का किराया वसूल रहे थे।एक मकान के किराये को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद पूरे मामले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।अहमदाबाद के जमालपुर इलाके में स्थित कांच की मस्जिद व शाह बड़ा कासम रोजा ट्रस्ट के पांच ट्रस्टियों के निधन के बाद सलीम खान पठान, उसके भाई महमूद खान पठान, मोहम्मद यासर शेख, फैज मोहम्मद चौबदार, साहिद अहमद शेख महानगरपालिका और ट्रस्ट रजिस्ट्रार के समक्ष एक फर्जी शपथपत्र पेश कर ट्रस्टी बन गए थे।सलीम खान ने मस्जिद के पास उर्दू स्कूल की खाली जमीन पर दस दुकानें बनाकर किराये पर उठा दिया। इसके अलावा पिछले करीब 20 वर्षों से ये पांचों फर्जी ट्रस्टी 30 दुकानों, 200 मकानों का किराया वसूल रहे थे। ऑटो चालक मोहम्मद रफीक अंसारी के पिता ने 80 वर्ष पहले वकफ के मकान को 25 पैसे मासिक किराये पर लिया था। सलीम खान पठान व अन्य ट्रस्टी किराये को लेकर उसके साथ आए दिन झगड़ा करते थे। रफीक अंसारी ने गायकवाड हवेली पुलिस में इन पांचों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद इन पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। सलीम खान पठान एक आदतन अपराधी है। उस पर बलवा, नगालैंड से हथियार के फर्जी लाइसेंस बनवाने तथा एक हत्या का भी मामला दर्ज हो चुका है।

# किचन की दीवारों पर तेल और मसाले के निशान अब आसानी से करें साफ

महिलाएं अपना ज्यादातर दिन किचन में बिताती हैं. खाना बनाते समय दीवारों पर तेल के दाग लगना आम बात है. खाना बनाने की अलग-अलग गतिविधियों की वजह से दीवारों पर तेल और गंदगी जम सकती है. ऐसे में तेल के ये दाग चाहे जितना भी रगड़ें, नहीं हटते हैं. वहीं, इन्हें साफ करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप इन आसान टिप्स को अपनाएं, तो ऐसे समय में दाग आसानी से साफ किए जा सकते हैं.

जानिए क्या हैं ये टिप्स...

सिरका: एक कटोरी में आधा कप सिरका और बर्तन धोने का लिक्विड लें. इसमें एक कप गर्म पानी डालें और इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालें. फिर इसे चिकने किचन काउंटर या गैस स्टोव पर स्प्रे करें, करीब दस मिनट तक रगड़ें और फिर पोंछकर साफ कर लें. ऐसा करने से दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और किचन की दीवार चमक उठती है.

रिठा का रस: बालों की सेहत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रीठा जूस किचन स्लैब पर लगे दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है. इसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है, जैसे एक कप रीठा जूस में एक कप बेकिंग सोडा और थोड़ा सा नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे गंदे तैलीय हिस्से पर लगाकर पांच मिनट के लिए छोड़ दें. फिर बाद में इसे कपड़े से रगड़कर धो लें. ऐसा करने से गंदगी और दाग-धब्बे हटाने में आसानी होगी. विशेषज्ञों का कहना है कि इससे मच्छर और कॉकरोच जैसे कीट भी दूर रह सकते हैं.

चाय पत्ती: एक कटोरी में दो चम्मच चाय पत्ती और एक लीटर पानी मिलाएं, फिर इसे चूल्हे पर तबतक गर्म करें, जबतक यह आधा ना हो जाए. फिर इस मिश्रण में एक चम्मच नींबू का रस और एक चौथाई कप बेकिंग सोडा मिलाएं और दाग वाले स्थान पर पर छिड़कें. अब 5 मिनट बाद इसे स्टील वूल पैड से रगड़ें और फिर धो लें। इससे दागों को हटाना आसान हो जाएगा

बेकिंग सोडा: दीवारों से तेल के दाग आसानी से हटाने के लिए बेकिंग सोडा सबसे कारगर है. इसके लिए एक चौथाई कप बेकिंग सोडा लें और उसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को तेल के



दाग पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें. फिर, एक साफ कपड़े को पानी में डुबोकर उस जगह को पोंछ लें. विशेषज्ञों का कहना है कि सूखने के बाद तेल के दाग नहीं रहेंगे

नींबू का रस: रसोई के काउंटरटॉप और टाइलों से तेल के दाग हटाने में नींबू का रस बहुत कारगर होता है. इसके लिए एक छोटे कटोरे में थोड़ा सा डिशवॉशिंग लिक्विड और आधे नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें. फिर इस मिश्रण में एक स्क्रबर डुबोएं और रसोई के काउंटरटॉप और दीवारों को हल्के से रगड़ें. फिर इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें. डिशवॉशिंग लिक्विड और नींबू के रस का मिश्रण रसोई के सिंक और टाइलों की सफाई के लिए भी अच्छा काम करता है.०

## 2 महीने बाद भी थिएटर में दहाड़ रही विक्की कौशल की छावा भारत में 600 करोड़ कमाने वाली बनी तीसरी फिल्म




600 करोड़ क्लब में शामिल हुई विक्की कौशल की छावा, बनी ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर विक्की कौशल की फिल्म छावा पहले ही दिन से नए-नए रिकॉर्ड बना रही है और अब तक कई बड़ी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा चुकी है। अब छावा ने वो कारनामा कर दिखाया, जो इस साल रिलीज हुई किसी भी फिल्म ने अभी तक नहीं किया है। दरअसल, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म बन गई है। शाहरुख खान की फिल्म जवान सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 643.87 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म ने रिलीज होते ही टिकट खिड़की पर कई रिकॉर्ड बना लिए थे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या छावा इस फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी या नहीं। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति और दीपिका पादुकोण भी नजर आए थे। जवान नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इस सूची में दूसरा नाम श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 का है। यह फिल्म भारत में 627.02 करोड़ रुपये की कमाई के साथ दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। स्त्री 2 में पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी हैं। अमर कौशिक ने फिल्म का निर्देशन किया था। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। एनिमल (556.36 करोड़ रुपये) और पठान (543.05 करोड़ रुपये) को पछाड़ छावा तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। तरण आर्दश के मुताबिक, इस फिल्म ने अब तक 600.10 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और यह 10वें सप्ताह में भी सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। छावा एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें महान छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता को दिखाया गया है। फिल्म में मुगल तानाशाह औरंगजेब के खिलाफ मराठा साम्राज्य की रक्षा के लिए उनके वीर संघर्ष को दर्शाया गया है। औरंगजेब का किरदार अक्षय खन्ना ने निभाया है। फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। इस फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में 812.14 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## शिप्रा गोयल का इंस्टाग्राम पर दिखता है ग्लैमर और फैशन से भरा अवतार



मशहूर सिंगर शिप्रा गोयल सिर्फ अपनी आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस अंदाज और फैशनेबल लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. गोल्डी देसी क्रू के साथ कई हिट गाने देने वाली शिप्रा गोयल सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर बेहद एक्टिव रहती हैं. वह अपने फैंस को अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलकियां देती रहती हैं.हाल ही में उन्होंने कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और आत्मविश्वास देखते ही बनता है. कभी स्पार्कली गाउन में तो कभी मॉम डॉटर ट्विनिंग मोमेंट में, शिप्रा हर लुक में गॉर्जियस नज़र आती हैं. उनके इंस्टा प्रोफाइल पर शेयर की गई इन फोटोज़ में उनका स्टाइल और एटीट्यूड फैंस को खूब पसंद आ रहा है. यही वजह है कि शिप्रा के इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन से ज़्यादा फॉलोअर्स हैं और यह आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है. शिप्रा गोयल न सिर्फ एक टैलेंटेड आर्टिस्ट हैं, बल्कि वह यंग जनरेशन के लिए फैशन और फेमिनिन ग्रेस की आइकन बनती जा रही हैं. उनके फोटोज़ हर बार ये साबित करते हैं कि वह म्यूजिक और स्टाइल दोनों की क्वीन हैं.

# बालों के झड़ने की समस्या से राहत दिला सकते हैं ये सीरम

आजकल बालों का झड़ना एक आम समस्या बन गई है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे तनाव, गलत खान-पान, प्रदूषण आदि।

हालांकि, बालों की देखभाल के लिए महंगे प्रोडक्ट्स की बजाय आप कुछ घरेलू सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सीरम न केवल आपके बालों को पोषण देंगे, बल्कि उन्हें मजबूती भी प्रदान करेंगे।

आइए आज हम आपको बालों की देखभाल के लिए पांच प्रभावी घरेलू सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका बताते हैं।

एलोवेरा और जैतून का तेल

सामग्री: एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में एलोवेरा जेल और जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें। लाभ: एलोवेरा स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को मजबूत बनाता है, जबकि जैतून का तेल बालों को नमी प्रदान करता है।

नारियल तेल और नींबू का रस

सामग्री: दो बड़ी चम्मच नारियल तेल और आधा नींबू का रस।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में नारियल तेल और नींबू के रस को मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: नारियल तेल बालों को गहराई से पोषण देता है और नींबू का रस स्कैल्प की सफाई करता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।



आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क

सामग्री: एक बड़ी चम्मच आंवला का तेल और एक चम्मच भृंगराज का अर्क।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: आंवला का तेल बालों को घना बना सकता है, जबकि भृंगराज का अर्क बालों की जड़ों को मजबूत करता है।

जैतून का तेल और बादाम का अर्क

सामग्री: दो बड़े चम्मच जैतून का तेल और एक चम्मच बादाम का अर्क।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में जैतून का तेल और बादाम का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: जैतून का तेल बालों को पोषण देता है, जबकि बादाम का अर्क बालों को मजबूती प्रदान करता है।

सरसों का तेल और लहसुन का अर्क

सामग्री: दो बड़े चम्मच सरसों का तेल और एक चम्मच लहसुन का अर्क।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में सरसों का तेल और लहसुन का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: यह मेल खून के प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।



## माएरी में गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी अपूर्वा अरोड़ा, बताया कैसा रहा अनुभव

अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा शॉर्ट फिल्म 'माएरी' में एक गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म मां-बेटी के रिश्तों के संदर्भ को दिखाती है। अपूर्वा ने बताया कि माएरी में खास क्या है?

फिल्म में अपूर्वा के साथ सोनाली सचदेव भी हैं, जो अपूर्वा की मां की भूमिका निभा रही हैं। दोनों ने 'फैमिली आज कल' में के साथ ही पहले भी कई बार स्क्रीन शेयर की हैं। यह उनका तीसरा सहयोग होगा।

अपूर्वा ने अपनी सह-कलाकार की प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सचदेव उन्हें वास्तविक जीवन में मां जैसी लगती हैं।

प्रोजेक्ट के बारे में अपूर्वा ने बताया, माएरी एक सम्मोहक कहानी है। फिल्म में मेरा किरदार एक गुस्सैल, शरारती लड़की का है, लेकिन जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको समझ में आता है कि वह गुस्सा कहां से आता है। यह पीढ़ियों से चली आ रही भावनात्मक बोझ की झलक है।

उन्होंने आगे बताया, फिल्म की कहानी में दिखेगा कि कैसे हम, बेटियों के रूप में अपनी माताओं द्वारा की गई गलतियों को दोहराने की कोशिश नहीं करते हैं और वे भी चाहती हैं कि हम बेहतर करें। लेकिन अपने तरीके से। यही विरोधाभास कहानी को वास्तविक और मार्मिक बनाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि सोनाली के साथ काम करना उनके लिए एक आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने कहा, यह हमारा साथ में तीसरा प्रोजेक्ट है, और हर बार जब हम एक मां-बेटी की जोड़ी का किरदार निभाते हैं, तो अलग ही अनुभव होता है। यह कभी भी एक जैसा नहीं होता है और यही बात इसे रचनात्मक रूप से और भी खास बनाती है। अपूर्वा और सोनाली के बीच का रिश्ता हमारे द्वारा निभाए गए किरदारों से बहुत अलग और खास है।

उन्होंने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने, सीन्स पर चर्चा करने और उनके नजरिए से सीखने के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसने मुझे एक एक्टर के रूप में आगे बढ़ने में मदद की है।

## होली 2026 पर होगा धमाका, रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान



बॉलीवुड की बबली रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है. रानी के होम प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर तले बनी फिल्म मर्दानी 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा. बीती 13 दिसंबर 2025 को फिल्म रिलीज ईयर का एलान किया गया था और आज फिल्म की रिलीज डेट सामने आई गई है. इसी के साथ फिल्म से रानी का एक पोस्टर भी सामने आया है. इस पोस्टर में रानी गन ताने खड़ी हैं. बीते साल दिसंबर में मर्दानी 2 के पांच साल पूरे होने के मौके पर फिल्म मर्दानी 3 के रिलीज ईयर का एलान किया गया था. वहीं, साल 2024 में मर्दानी (पार्ट 1) ने अपने 10 साल पूरे किए थे. फिल्म का पहला भाग 22 अगस्त 2014 में रिलीज हुआ था. मर्दानी रानी की हिट फिल्मों में शुमार हैं. मर्दानी 2 साल 2019 में रिलीज हुई थी. अब मर्दानी 3 होली 2026 के मौके पर 27 फरवरी (2026) को रिलीज होने जा रही है. यानि अगली होली पर रानी की मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने जा रही है.

## शब्द सामर्थ्य -026


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

### आबकारी विभाग की मनमानी और लापरवाही से परेशान हैं नगरवासी

# ओपन जिम को स्क्रेप यार्ड बना दिया शराब दुकानों ने, हुआ एक्शन

#### तरुण छत्तीसगढ़ ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के मुख्य मार्ग में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सामने सार्वजनिक स्थल पर शराबियों के द्वारा शराब पीने व शराब की बोतलों को वहीं पर बने बच्चों केओपन जिम पार्क में फेंक देने के संबंध में तरुण छत्तीसगढ़ समाचार पत्र में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिस पर पालिका प्रशासन एवं अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ने संज्ञान लेते हुए तत्काल पालिका के सफाई विभाग अध्यक्ष प्रभारी हरीश जायसवाल, मोहम्मद जैनुल ,सुरेश कुमार व अन्य कर्मचारियों की टीम भेज कर अंग्रेजी शराब दुकान के सामने पड़े सैकड़ो की संख्या में शराब की बोतलों, कांच के टुकड़े पानी की बोतल डिस्पोजल गिलास एवं अन्य सामग्रियों को तत्काल साफ कराया ,सफाई के दौरान लगभग एक ट्रैक्टर शराब की बोतले मिली जिससे यह स्पष्ट है कि उक्त सार्वजनिक स्थल पर जमकर शराब खोरी की जा रही है शराबियों की इस मनमानी के लिए मुख्य रूप से आबकारी विभाग जिम्मेदार है जिसकी शराब दुकान से शराब बेची जाती है आबकारी विभाग की शराब दुकान से शराब लेकर शराबी वहीं कचरा करते हैं और मजबूरी में नगर पालिका को साफ करना पड़ता है इस गंभीर समस्या का स्थाई समाधान होना चाहिए नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि पालिका क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों की सुविधाओं के प्रति पलिका के कर्मचारी सदैव सजग रहते हैं जैसे ही हमें जानकारी मिलती है तत्काल उसका समाधान किया जाता है अंग्रेजी शराब दुकान के सामने लाइट व्यवस्था भी की जाएगी जिससे शराबी पहचान में आएंगे।

## 62 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती,शीघ्र समाधान करें

**कोरिया बैकुंठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु आज जिला कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में (8 से 11 अप्रैल 2025) जिले में 62,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। बता दें यह तिहार शासन की जनहित में त्वरित कार्यवाही की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें।

## पोषण पखवाड़ा एवं जागरूकता शिविर से लाभान्वित हुए सैकड़ों नागरिक

#### आयुष पॉलीक्लिनिक चरचा का आयोजन



**चरचा कालरी।** शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक चर्चा द्वारा नगर पालिका शिवपुर चर्चा के वार्ड क्रमांक 4 स्थित आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा से संबंधित 36 महिला 12 बालक 11 पुरुष 14 बालिका एवं होम्योपैथिक चिकित्सा से संबंधित 29 महिला 5 बालक तीन बालिका एवं तीन पुरुष कुल 113 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया गया छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य राज्य में कुपोषण को कम करना एनीमिया की रोकथाम करना ,बच्चों और महिलाओं में स्वस्थ पोषण को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम बच्चों के पहले 1000 दोनों पर केंद्रित है क्योंकि यह उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है शिविर में स्वस्थ आहार और जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारे दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग में आने वाली मूलत स्थानीय मिलेट आधारित परंपरागत खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य वर्धक सब्जियां मुनागा,नींबू, शलजम, खीराआदि प्रत्यक्ष प्रस्तुत कर उनसे होने वाले बेहतर स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई शिविर में उपस्थित डॉक्टर पुष्पा सिंह एवं डॉक्टर करिश्मा एक्का के द्वारा ग्रीष्मकालीन रोगों के रोकथाम एवं बचाव की भी जानकारी दी गई, माता एवं किशोरी बालिकाओं को एनीमिया और उससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया, स्वच्छता पर विशेष प्रकाश डाला गया , व उपस्थित जन सामान्य को खांसी, त्वचा रोग ,पाचन संबंधी बीमारी, बात रोग, स्त्री रोग आदि बीमारियों का यथासंभव परामर्श ,उपचार एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया इस दौरान शिविर प्रभारी डॉक्टर पुष्पा सिंह,डॉक्टर करिश्मा एक्का, फार्मासिस्ट कामदेव पूर्ण चंद्र नाहक एवं विजय मिंज पी.टी.स का विशेष सहयोग रहा।



## लाइट आई तो लौटी रौनक-स्कूल और गांव में फैली सुरक्षा की चमक

**कोरिया बैकुंठपुर।** सुशासन तिहार 2025 ने ग्रामीणों की पुरानी मांग पूरी कर दी है। ग्राम उरावपारा जमड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में फ-लड लाइट लगाने की मांग पर शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए परिसर को रोशन कर दिया है। इस पहल से जहां बच्चों को सुरक्षित माहौल मिला है, वहीं गांव के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासी विनोद साहू ने बताया कि पहले अंधेरा होने के बाद स्कूल और उसके आसपास से गुजरना जोखिमभरा हो जाता था। अब लाइट लगने से गांव में सुरक्षा और सहजता दोनों आई है। लाइट लगते ही गांव में उत्साह का माहौल बन गया और लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुशासन तिहार के जरिए शासन-प्रशासन न सिर्फ समस्याएं सुन रहा है, बल्कि त्वरित समाधान कर जनता के दिलों में भरोसा भी जगा रहा है।

### नकली होलोग्राम बनाने वाले दो आरोपी पकड़ाए

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने बीएच ढाबा तेंदुआ में दबिश देकर देशी एवं प्लेन शराब के नकली होलोग्राम बनाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम तेंदुआ स्थित बीएच ढाबा में दबिश देकर आरोपी संकट मोचन सिंह 45 वर्ष और गणेश चौरसिया 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी विभाग का देशी एवं प्लेन शराब का होलोग्राम बनाकर अवैध रूप से धन कमाने की नियत से कूटरचना कर रहे थे। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## भीम राव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर संगोष्ठी



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत व्यक्तित्व और कृतित्व पर सम्मान अभियान के तहत संगोष्ठी कार्यक्रम जिला पंचायत आडोटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से, मुख्य अतिथि अखिलेश सोनी, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला मंत्री बसंत राय, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर,नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, रविदास समाज जिलाध्यक्ष डीएल भास्कर, संभागीय अध्यक्ष अशोक कुर्रे,कार्यक्रम संयोजक अनिल खटिक,विमला सोनवानी, रामजन रवि, रंजीत मंडल, संजय कुर्रे, मलखान सिंह उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि अखिलेश सोनी ने डॉ. अम्बेडकर को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा आजादी के बाद कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का तिरस्कार किया था, 1947 के बाद प्रथम बार हुए चुनावों में डॉ.अम्बेडकर की प्रबल इच्छा थी कि, चुनाव लड़े, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनको चुनाव नही लड़ने दिया था। जब केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी तब जाकर के बाबा साहब अम्बेडकर को जो सम्मान मिलना चाहिए, वो सम्मान भाजपा की केन्द्र सरकार ने दी। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, डॉ. अम्बेडकर बाबा साहब के बताए मार्ग पर सभी को चलना चाहिए, आज हम सभी जिस माहौल में रह रहें है, वह बाबा साहब के कठिन परिश्रम और उनके संविधान से ही संभव हो पाया है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जासवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि, समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। रविदास समाज जिलाध्यक्ष डीएल भास्कर ने कहा हम सभी को संविधान की मूल भावना के अनुरूप समाज में समानता और भाईचारा बढ़ाने का संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी डॉ.भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, दीपा विश्वकर्मा, रामलखन यादव, रवि त्रिपाठी, मनोज साहू, शारदा गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, मनोज सोनवानी, दिलराज रवि, नोखेलाल कुर्रे, शाहिद असरफी, रोशन राजवाड़े, रमेश तिवारी, सुरेश राजवाड़े, लव रवि सहित भारी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहें।

### पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

**कोरिया बैकुंठपुर।** 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कोरिया जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिन जिले की 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ होगा, जहां से महतारी वंदन योजना के तहत पहला ट्रांजेक्शन किया जाएगा। साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों को समस्त तैयारियां पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी पंचायतों में स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इन केंद्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि जनप्रतिनिधि सीधे तौर पर ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सकें। ग्राम सभाओं के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सभी ग्राम पंचायतों को संबोधित करेंगे। राज्य स्तर पर होने वाले आयोजनों का प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में सुनने की व्यवस्था की जा रही है। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को सशक्त बनाकर लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत किया जा रहा है। 73वें संविधान संशोधन के तहत स्थापित पंचायती राज व्यवस्था आज ग्रामीण भारत के शासन की रीढ़ बन चुकी है।

### दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पीछे दबिश देकर गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो गांजा जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पीछे दबिश देकर आरोपी जैद कुरैशी 27 वर्ष और शेख रिजवान 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## 85 ग्रामीणों को मिला रोजगार का जरिया



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेशभर में मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत कोरिया जिले में ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केनापारा में 85 ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निःशुल्क जॉब कार्ड वितरित किए गए। गौरतलब है कि ग्रामवासियों ने समाधान पेटी में आवेदन डालकर रोजगार हेतु जॉब कार्ड की मांग की थी। जिला प्रशासन द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई और मौके पर जाकर उन्हें जॉब कार्ड प्रदान किए गए। इस पहल से अब इन ग्रामीणों को सरकारी मजदूरी कार्यों में रोजगार प्राप्त हो सकेगा। लाभार्थियों ने कहा कि इतने कम समय में उनके आवेदन का समाधान हो जाएगा वह सोचे नहीं थे, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का सुशासन तिहार ने उनके जीवन में खुशियां लाई है, इसके लिए बहुत आभारी हैं। ग्रामीणों में प्रशासन की इस तत्परता से उत्साह का माहौल है और सरकार-शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के तहत जिले के हर ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों की जांच कर निराकरण किया जा रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी शिकायतों और मांगों का शीघ्र समाधान करें और आवेदकों को जानकारी भी दें। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम वास्तव में जनता की बात सुनने और उसे हल करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### धारदार हथियार से पत्नी को उतारा मौत के घाट

**रायपुर।** चंद्राकर मोहल्ला मधुबन कालोनी में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। चंद्राकर मोहल्ला मधुबन कालोनी में रहने वाला आरोपी भुनेश्वर साहू ने अपनी पत्नी मथुरा बाई के चरित्र पर संदेह कर धारदार हथियार से हत्या कर दी। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** गोंदवारा में शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुरानी बस्ती निवासी 28 वर्षीय प्रार्थिया ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी अजय मौर्या ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर गोंदवारा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को बताए गए उनके कर्तव्य, चित्रों से दी जानकारी



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** गत दिवस विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल बैकुण्ठपुर में छात्रो द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरु घसीदास टाइगर रिजर्व के इंजीनियर राहुल ऑर्गे व विशिष्ट अतिथि के रूप में फॉरेस्ट बीट ऑफीसर सुजीत कुमार लहरे एवं अतिथि संगीत शिक्षक भूपेंद्र कुमार सारथी उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व बैच लगाकर किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न परियोजनाएं तैयार किया गया था. उन परियोजनाओं का अवलोकन कर अतिथियों ने समस्त विद्यार्थियों की सराहना किया। टाइगर रिजर्व इंजीनियर राहुल ऑर्गे द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए परियोजनाओं की काफी प्रशंसा की गई एवं उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई साथ ही समस्त विद्यार्थियों को पेड़ की रक्षा करने, प्रत्येक वर्ष पौधा लगाने एवं जिम्मेदारी पूर्वक उन पौधो की देखभाल करने करने हेतु प्रेरित किया गया। वही विशिष्ट अतिथि फॉरेस्ट बीट ऑफिसर सूजीत कुमार लहरे द्वारा विद्यार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग नही करने हेतु बताया गया साथ ही पृथ्वी व पृथ्वी में उपलब्ध संसाधन की महत्ता से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वन विभाग से आए अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों एवं समस्त स्टॉफ को शपथ दिलाया गया कि प्रत्येक वर्ष अपने घर-विद्यालय व उसके आसपास पौधा लगाएं और पूरे वर्ष उसकी देखभाल करें एवं पेड़ों की कटाई की रोकथाम के लिए हमेशा आगे रहें तथा समस्त नागरिकों को प्रदूषण फैलाने से मना करें। अंततः प्राचार्या शुभ्रा भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन में समस्त अतिथिगणों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया एवं अपने विद्यालय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल पूर्णतः इंग्लिश मीडियम स्कूल है जो की कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित है. हम प्रत्येक वर्ष अपने स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण व निकटतम गांव में जाकर पार्यावरण के प्रति लोगो में जागरूकता लाने का कार्य करते हैं। हमारा विद्यालय अपने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य समाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भागीदारी रखते है जिससे हमारे विद्यार्थी भविष्य में एक जिम्मेदार व संवेदनशील नागरिक बन सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाइगर रिजर्व इंजीनियर राहुल ऑर्गे, फॉरेस्ट बिट ऑफिसर सूजीत कुमार लहरे, गेज फाउण्डेशन संचालक शकील अहमद, अतिथि संगीत शिक्षक भूपेंद्र सारथी, प्राचार्या शुभ्रा भट्टाचार्य, शिक्षिक प्रकाश गुप्ता, रोशन पाठक, ज्योतिकला राजवाड़े, मीना दुबे, सरिता चतुर्वेदी, अमरजीत मिश्रा, राजीव सिंह, परवीन खातुन, निशा यादव, जानवी सिंह व समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर रायपुर में एफआईआर दर्ज, फिल्म 'फुले' पर भी उठे सवाल



**रायपुर।** फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप एक बार फिर विवादों में फंसते नजर आ रहे हैं। ब्राह्मण समाज को लेकर सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला पंडित नीलकंठ त्रिपाठी की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना में दर्ज हुआ है। अनुराग कश्यप पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 और 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ब्राह्मण समाज को लेकर ऐसा बयान दिया, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। इसी के चलते हिंदू समाज से जुड़े लोगों ने थाना पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और लिखित शिकायत सौंपी। विवाद की आंच उनकी आगामी फिल्म 'फुले' पर भी पड़ गई है। यह फिल्म समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है, जो अभी रिलीज नहीं हुई है। फिल्म पर जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप लग रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने अनुराग कश्यप को कानूनी और सामाजिक दोनों ही मोर्चों पर घेर लिया है। सोशल मीडिया पर उन्हें तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है और विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आने वाले दिनों में पूछताछ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम मजीठा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक डागेश्वर वर्मा 20 वर्ष ग्राम करमा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केटी 4739 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम मजीठा खरोरा के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनटी 5969 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार डागेश्वर की मौत हो गई।

### लाखों रुपए का चना लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर।** लाखों रुपए का चना लेकर ट्रक चालक फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। प्रार्थी संतोष राजपाल 33 वर्ष ग्राम जरौदा विधानसभा का रहने वाला है।

## नर पिशाचों ने की हत्या, आज शाम शोकसभा

**कोरबा।** जम्मू कश्मीर प्रदेश के पहलगाम में जाति व धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या नर पिशाचों ने कर दी। विनय नरवाल की इस घटना में मौत हो गई। जिसका विवाह पखवाड़ा भर पहले ही हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। इस घटनाक्रम में आतंक का समर्थन करने वाली प्रजाति ने यह कुकर्म किया। हाल में ही इस तरह की घटनाएं पहलगाम में हुई। इस घटना के विरोध में दीपका के प्रगति नगर न्यू एमक्यू कालोनी बीएमएस यूनियन कार्यालय के समीप आज शाम 7 बजे दीप जलाकर संवेदना व्यक्त की जाएगी। टीम चरक धर्मसंवाहक के द्वारा यह कार्यक्रम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से कहा गया है कि वे इस मौके पर उपस्थिति दर्ज कराएं।

### मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देंगे भाजपाई

**कोरबा।** कल पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर लोगों में आक्रोश है। आज भाजपाइयों द्वारा सुभाष चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, डॉ राजीव सिंह, अशोक चावलानी, रामनारायण सोनी, राजेश राठौर, सुभाष राठौर, दिनेश तिवारी, सिद्धांतनारायण सोनी सहित भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## संयुक्त मोर्चा करेगा आंदोलन

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में कल संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें उड़ रहे धूल व पेयजल की समस्याओं को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में उपस्थित रेशमलाल यादव, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, गोपाल यादव, अजय सिंह सहित सभी सदस्यों ने कहा कि उड़ रहे धूल से कालोनीवासी परेशान है। इसलिए कांटाघर का स्थानांतरण किया जाना जरूरी हो गया है। इसी तरह नागरिक पेयजल को लेकर परेशान हैं। वर्तमान में एक टेंकर से जलापूर्ति की जा रही है। यह पर्याप्त नहीं है। इसी तरह आईआर बैठक को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि कैलेंडर के आधार पर निर्धारित समय पर आईआर होना चाहिए।

## वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** भाजपा कटघोरा मंडल द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, अभिषेक गर्ग, राजेन्द्र टंडन , डाकेश्वर शुक्ला, टेकरांत देवांगन, समजीत सिंह, जय गर्ग, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। यह कार्यक्रम कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी आयोजित किया गया। प्रदेश के मंत्री लखनदेवांगन द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय, मीना लहरे, रमा मिरी, डॉ. जयलहरे सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। कोरबा जिले के सभी मंडलों में अनुसूचित जाति के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जा रहा है।

## गुमिया में निकली कलशयात्रा

**कोरबा।** ग्राम गुमिया में भागवत कथा का आयोजन इसके पहले कलश यात्रा निकाली गई। 7 दिनों तक चले इस कार्यक्रम में गांव के लोगों ने सहयोग किया। भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भागवत कथा में प्रदेश के मुख्यमंत्री ननकीराम कंवर, जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा शामिल हुए।

## छुरी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम

**कोरबा।** छुरी हाईस्कूल में 9वीं और 11 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम इसबार 88 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, टिकैत देवांगन, रमेश श्रीवास सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। शिक्षकों ने कहा कि 9वीं और 11 वीं के छात्रों ने उतकृष्ट प्रदर्शन किया है। यहां के छात्र काफी मेहनती हैं। आने वाले समय में स्कूल में परीक्षा परिणाम अच्छे रहेंगे।

# श्रम का सम्मान या बोझ का अंत, क्या मई दिवस से पहले मिलेगा मृत हमाल के परिवार को बीमा क्लेम

### उदासीन रवैया बना है मार्कफेड का

**कोरबा।** एक सप्ताह बाद मई दिवस है। इस मौके पर श्रमिकों के हित के संरक्षण और अधिकारों को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाएंगे और उनकी शान में कसीदे पढ़े जाएंगे। इससे पहले श्याम सिंह कंवर नामक श्रमिक की जिंदगी तब खत्म हो गई जब काम के दौरान उसके उपर धान की कई बोरियां आ गिरी। सरकार की योजना के तहत उसका बीमा था। हैरानी की बात यह है कि मृत कर्मी के परिवार को बीमा राशि दिलाने के मामले में मार्कफेड उदासीन है। ऐसे में श्रमिक हितों की तरफदारी और न्याय के दावे हवा-हवाई से ज्यादा कुछ नहीं लगते।

सुशासन तिहार में भी यह मामला सामने आया, फिर भी हुआ कुछ नहीं। कोरबा जिले की बरपाली धान उपार्जन केंद्र में श्याम सिंह कंवर श्रम साध्य कार्य करता था। 27 जनवरी को इस दौरान 20 से अधिक बोरियां उस पर आ गिरी। दबाव से उसकी स्थिति नाजुक हो गई। फौरी तौर पर उसे चांपा के निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसे नहीं बचाया जा सका। खबर के अनुसार श्याम की मौत ने उसके परिवार के सामने सामाजिक संरक्षण से लेकर आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी है। पता चला कि धान उपार्जन व्यवस्था में



फाइल फोटो

लगे प्रबंधक, ऑपरेटर से लेकर सभी



श्रमिकों का बीमा सरकार कराती है। इसमें अंतिम रूप से क्लेम की जवाबदेही मार्कफेड की होती है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बरपाली उपार्जन केंद्र के हमाल श्याम सिंह की मृत्यु होने पर स्थानीय स्तर पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता दिलाई गई। डेढ़ लाख से अधिक राशि पहले ही उसके उपचार पर परिवार खर्च कर चुका था। पता चला कि योजना के अंतर्गत बीमा के क्लेम से संबंधी औपचारिक कार्यवाही जिला सहकारी बैंक की ओर से मार्च महीने तक कर दी गई और इसी दौरान दूसरी बार स्मरण पत्र मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी को कराया गया। हैरानी की बात यह है कि लगातार दो पत्र देने के बाद भी मार्कफेड नींद में है। उपचार में खर्च हुई पूरी राशि और बीमा पॉलिसी क्लेम दिलाने को लेकर उसकी ओर से किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही, समझ से परे है।

### सरकार को देना होगा ध्यान

याद रहे कोरबा जिला औद्योगिक प्रधान है और यहां पर श्रमिकों की बाहुल्यता है। विष्णुदेव साय की सरकार गांव, गरीब, किसान और श्रमिकों की बात करते नहीं अघाती। ऐसे में जनजाति परिवार से वास्ता रखने वाले श्याम सिंह की मौत के बाद उसके परिवार का हालचाल जानना सरकार का दायित्व बन जाता है। मामले में आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा करना स्वाभाविक है।

### जरूर करेंगे पहल

धान उपार्जन केंद्र बरपाली में धान की बोरियां गिरने से श्याम सिंह कंवर नामक हमाल की मौत उपचार के दौरान होने की जानकारी आपके माध्यम से प्राप्त हुई है। सरकारी योजना के तहत श्रमिक का बीमा था। उसके परिवार को क्लेम का लाभ मिलना चाहिए। प्रकरण को दिखवाने के साथ जरूरी पहल की जाएगी।

***लखनलाल देवांगन, श्रम मंत्री, छ.ग.***

### प्रक्रियाएं तय हैं

काम के दौरान मजदूरों के साथ होने वाली घटनाएं और नियमानुसार बीमा पॉलिसी लिए जाने की स्थिति में उसके क्लेम के मामले में प्रक्रियाएं तय है। मृतक हमाल के परिवार को क्लेम करना होगा। अगर क्लेम किया जा चुका है तो समाधान के लिए उचित प्लेटफार्म है। हम सीधे प्रकरण हस्तक्षेप नहीं करते हैं।

**राजेश आदिले, एएलसी कोरबा**

## सुशासन तिहार : मुख्यमंत्री के दौरे के लिए पांच जगह संभावित

### पुलिस ले लिया जायजा

**कोरबा।** सुशासन तिहार के पहले चरण में लोगों से समस्या और मांग को लेकर आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं और अब इनकी शार्टिंग की जा रही है। इसके हिसाब से आवेदनों को संबंधित विभागों के पास भिजवाया जा रहा है। निराकरण उनके स्तर पर होना है। सुशासन का अगला चरण 5 में से शुरू होगा और इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव विभिन्न क्षेत्रों में आ सकते हैं। कटघोरा सबडिवीजन मैं इसके लिए पुलिस तैयारी में लगी हुई है।

प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रवास हमारे थाना क्षेत्र के अंतर्गत पांच स्थान पर संभावित है। हमें विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण करने के साथ आगे रिपोर्ट देना है की कौन सी जगह हर दृष्टिकोण से यूएसएबल और सूटेबल होगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्थल चयन को लेकर काम किया जा रहा है। मुख्य रूप से इस बात को ध्यान में रखना है कि मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर किस स्थान पर उचित प्रकार से लैंडिंग करने के साथ टेक ऑफ कर सके। कहां पर अच्छी भीड़ हो सकती है। कनेक्टिविटी का ध्यान भी रखा जाना है। और भी प्रकार के बिंदु हमारे सामने है और इस पर हम काम कर रहे हैं। श्री तिवारी ने बताया कि सुशासन का एहसास लोगों को हो, इस पर भी फोकस किया जा रहा है। याद रहे पहले चरण में सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों से ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आवेदन प्राप्त किए गए। इसके लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाया गया। रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने इस तिहार में अपने आवेदन प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से बताने की कोशिश की गई उनकी शिकायत क्या है और उनके क्षेत्र को किस प्रकार की सुविधा चाहिए।

## अवैध शराब लॉबी को मिला महिलाओं का साथ, आबकारी टीम को घेरा

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के बेंचुरभाठा में अवैध शराब बनाने और बेचने वाले लोगों को मना करने के बजाय महिलाएं सपोर्ट कर रही हैं। अपने तरह का यह अलग मामला है।

कोरबा उरगा मार्ग पर पटरी के समीप बसे बेंचुलभाटा गांव में अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सूचना पर आबकारी विभाग कोरबा के आधा दर्जन अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और जैसे ही उन्होंने कार्रवाई करना प्रारंभ किया उन्हें घेर लिया गया और फिर उनके साथ बदतमीजी करते हुए उन्हें बंधक बना लिया गया ।

आबकारी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को बंधक बना लेने की खबर मिलते ही पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी गांव पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा पता चला है। बताया जाता है की गांव के लोगों का आरोप है कि आबकारी अथवा पुलिस विभाग के लोग आते हैं और थोड़ी सी भी शराब मिलने पर उसकी मात्रा बढ़ाकर जप्त करने की धमकी देते हैं और फिर कार्रवाई न करने के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं। पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप किया है।

# कोयला के अंधाधुंध दोहन करने से जल स्त्रोतों पर प्रतिकूल असर, अब खड़ा हुआ जल संकट

### गर्मी के मौसम में पानी प्राप्त करने करनी पड़ रही मशक्कत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (स्श्वष्टरु) द्वारा संचालित खदानों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गेवरा और दीपका जैसे प्रमुख कोयला खनन क्षेत्रों के निकटवर्ती गांवों में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमिगत जलस्तर में गिरावट और प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने से पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है।

कोयला खनन के लिए भूगर्भ में लगातार दोहन किए जाने से न केवल पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हुआ है, बल्कि इससे जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां हैंडपंपों से आसानी से पानी मिल जाता था, वहीं अब कई हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं। कुछ गांवों में तो वर्षों पहले लगे हैंडपंप निष्क्रिय हो चुके हैं, जबकि अन्य जल स्रोतों में भी पानी की मात्रा में भारी कमी आई है।

ग्रामीणों के अनुसार, अब वे दिन में घंटों मेहनत कर पानी की व्यवस्था करते हैं। कुछ स्थानों पर लोगों को कई किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। पानी लाने में लगने वाले समय और श्रम के कारण अन्य



फाइल फोटो

दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर समय-समय पर चर्चा तो होती है, लेकिन कोरबा जिले में कोयला खनन की गतिविधियों में हो रही तेजी के बीच जल संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों का आरोप है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और संबंधित विभागों ने इस गंभीर विषय पर गंभीरता नहीं दिखाई।

ग्रामीणों की मांग है कि कोल कंपनियां और प्रशासन मिलकर इस जल संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभाव से योजनाएं बनाएं और अमल में लाएं। वर्षा जल संचयन, कृत्रिम जलाशयों का निर्माण और पुनर्भरण योजनाएं इस दिशा में कारगर हो सकती हैं।

### वर्षा जल संचय करना ही होगा

पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के स्टेट चेयरमेन संदीप सेठ का कहना है कि जलसंकट की जो स्थिति अभी है वह भविष्य के लिए भयावह हो सकती है। जीवन के लिए पानी जरूरी है। सभी को सोचना होगा कि वर्षाजल संचय क्यों आवश्यक है।

## वायु प्रदूषण से श्वसन तंत्र पर दिक्कतें

**कोरबा।** कोरबा जिला, जो कभी अपनी ऊर्जा उत्पादन क्षमता के लिए जाना जाता था, अब वायु प्रदूषण के चलते सुर्खियों में है। ताप बिजलीघरों और कोयला खदानों से निकलता धुआँ अब लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रहा है। वातावरण में बढ़ता प्रदूषण स्तर न सिर्फ बच्चों बल्कि हर आयु वर्ग के लिए खतरे की घंटी बन चुका है। सरकारी आंकड़े भी इस खतरे की पुष्टि करते हैं। लोगों का कहना है कि विकास अपनी जगह पर सही है लेकिन समस्या का समाधान भी तो होना चाहिए। छोटे बच्चे खांसी और दमे से जूझ रहे हैं, बुजुर्ग ऑक्सीजन पर हैं, और आम लोगों की ज़िंदगी प्रदूषण के धुएँ में घुलती जा रही है। ज्वलंत सवाल यह है कि- क्या विकास की कीमत हमारी सांसें हैं? प्रदूषण से जुड़ी समस्या को लेकर अजय विश्वकर्मा और चंदन सिंह से बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि जहां पर उद्योग होंगे वहां इस प्रकार के मसले सामने आएंगे ही। यह सही है कि यहां पर समस्या है लेकिन सरकार की ओर से समाधान के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## पत्रकार रमेश व विजय की स्मृति में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर 27 को



**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब के दिवंगत सदस्य वरिष्ठ पत्रकार स्व. स्वर्गीय रमेश पासवान जी की स्मृति में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं पिछले वर्ष दिवंगत हुए वरिष्ठ पत्रकार स्व. विजय सिंह जी की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दोनों ही शिविर का आयोजन दिवंगत पत्रकारों के पुण्यतिथि 27 अप्रैल को प्रेस क्लब तिलक भवन में सुबह 10 बजे से किए जाने का निर्णय लिया गया है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्राप्त रक्त मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को प्रदान किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से ही उक्त शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## मोबाइल गुमने की चुकानी पड़ी बड़ी कीमत

**कोरबा।** कोरबा जिले के एनटीपीसी कॉलोनी क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार के दौरान शिव धातें का मोबाइल अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट तुरंत पुलिस थाने में दर्ज कराई और टेलीकॉम कंपनी के जरिए अपने सिम को लॉक करा दिया। इसके बावजूद अगले कुछ घंटे में ही उसके बैंक खाता से लगभग साढ़े 6 लाख रुपए पार हो गए। दूसरे मोबाइल नंबर पर आए एक मैसेज से उसे जानकारी हुई। पीड़ित ने इस बारे में पुलिस को अवगत करा दिया है ।उसका आरोप है कि आखिर ऐसे मामलों में लोगों की जमा राशि की सुरक्षा के लिए बैंक प्रबंधन क्या कर रहा है।

# जानकारी है जरूरी, वाचनालय की ओर उन्मुख होते लोग

**कोरबा।** पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र मानी जाती हैं। यह न केवल ज्ञान का भंडार होती हैं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने में भी मदद करती हैं। औद्योगिक जिला कोरबा में यह देखा जा रहा है कि किताबों के प्रति लोगों की रुचि दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। युवा वर्ग, नौकरीपेशा लोग, और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिक भी अब पुस्तकालयों की ओर रुख कर रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर नगर निगम द्वारा एक सार्वजनिक वाचनालय संचालित किया जा रहा है, जिसमें साहित्य, विज्ञान, इतिहास, आत्मकथा, उपन्यास, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, और बच्चों के लिए रोचक सामग्री उपलब्ध है। इस वाचनालय में बैठने और पढ़ने की सुविधाओं के साथ-साथ सीमित कंप्यूटर सिस्टम की सहायता से




डिजिटल माध्यम से भी पुस्तकें पढ़ने की सुविधा दी गई है। हालांकि संसाधनों की कमी के कारण लोगों को कंप्यूटर सिस्टम के लिए कतार में लगना पड़ता है और कभी-कभी लंबा इंतजार करना पड़ता है।

पुस्तकों के महत्व को लेकर लोगों का मानना है कि भले ही विश्व पुस्तक दिवस 23 अप्रैल को प्रतीकात्मक रूप से मनाया जाता है, लेकिन पुस्तकें केवल एक दिन के लिए नहीं होतीं। ये जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इनका अध्ययन प्रतिदिन किया जाना चाहिए। चाहे विषय कोई भी हो विज्ञान, कला, मनोविज्ञान या साहित्य। हर किताब में कुछ न कुछ सीखने को अवश्य मिलता है। पुस्तकों को पढ़ते समय जब पाठक उनके पन्ने पलटता है, तो वह न केवल जानकारी हासिल करता है, बल्कि कई प्रकार की भ्रांतियों से भी मुक्त होता है। आज के डिजिटल युग में जहाँ मोबाइल और सोशल मीडिया ने युवाओं का ध्यान भटकाया है, वहीं एक सुखद संकेत यह भी है कि कोरबा जैसे शहरों में पढ़ने की प्रवृत्ति फिर से जाग रही है। ऐसे में ज़रूरत है कि पुस्तकालयों को और अधिक सुविधाजनक और तकनीकी रूप से सुसज्जित बनाया जाए, ताकि ज्ञान की इस परंपरा को और अधिक बल मिल सके।

## स्वास्थ्य परीक्षण किया गया किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी डी डी एम रोड कोरबा में किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि एकेडमी में किकबॉक्सिंग, मार्शल आर्ट खेल, आत्मरक्षा,जनरल फिटनेस प्रशिक्षण के साथ साथ समय समय पर खिलाड़ियों के शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है।



इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के पत्राचार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के हित में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैडेट,जूनियर एवं सीनियर वर्ग बालक बालिका खिलाड़ियों का चेक उप डा राजेश जायसवाल एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। इस हेतु एसोसिएशन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के एन केसरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक राज, डॉ राजेश जायसवाल एवं टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर आभार जताया।

इस अवसर पर एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, प्रशिक्षकगण जुनैद आलम, अंकुश लाल यादव, प्रभात साहू, अशोक साहू, लोकिता चौहान, रमेश साहू, शुभम यादव वरिष्ठ खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com